हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार, 23 दिसंबर 2024



# पोट्ठ लईका अभियान का असर...पांच माह में 57 फीसदी बच्चे कुपोषण से मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी कहे जाने वाले राजनांदगांव को कुपोषण मुक्ति के प्रयासों के लिए भी जाना जाने लगा है। आईबी ग्रुप और यूनिसेफ की मदद से प्रशासन द्वारा राजनांदगांव और डोंगरगांव ब्लाक में चलाए गए पोट्ठ लईका अभियान से पिछले पांच माह में 57 फीसदी बच्चे कुपोषण से मुक्त हो गए है।

उल्लेखनीय है कि कुपोषण की दर राजनांदगांव में 2024 में 11.94 प्रतिशत है। परामर्श की कमी के कारण, कई माता-पिता अपने बच्चों को पर्याप्त संतुलित आहार नहीं दे पाते, जिसके परिणामस्वरूप बच्चे कुपोषित हो जाते हैं। इस मुद्दे को हल करने के लिए, जिला प्रशासन ने यूनिसेफ और एबीस ग्रुप पहल के साथ साझेदारी में पोट्ठ लईका पहल की शुरुआत की गई। यह कार्यक्रम जून 2024 से कलेक्टर संजय अग्रवाल की अगुवाई में चलाया जा रहा है, जिसका क्रियावान सीईओ जिला पंचायत सुरुचि सिंह आईएएस, महिला बाल विकास डीपीओ गुरप्रीत कौर और अन्य विभागाध्यक्षों के द्वारा किया जा रहा है। यूनिसेफ छत्तीसगढ़ इस कार्यक्रम का तकनीकी और प्रशिक्षण भागीदार रहा है।

## प्रशासन ने एबीस ग्रुप और यूनिसेफ की मदद से दो ब्लाकों में चलाया अभियान

### 241 केंद्रो में चला अभियान

इस कार्यक्रम के अंतर्गत सबसे पहले सर्वाधिक कुपोषित 241 आंगनबाडी केन्द्रों का चयन किया गया। जिन में 323 एसएएम गंभीर तीव्र कुपोषित, 1080 एमएएम मध्यम तीव्र कुपोषण, 284 गंभीर रूप से कम वजन वाले बच्चे और 1726 मध्यम कम वजन वाले बच्चों को लक्षित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा एनआरएलएम के अधिकारियों को यूनिसेफ द्वारा पोषण संबंधी परामर्श में गहन प्रशिक्षण दिया गया।



**पालक चौपाल का आयोजन :** कार्यक्रम अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों में हर शुक्रवार को पालक चौपाल का आयोजन किया जाता है।इस चौपाल में लक्षित बच्चों के माता-पिता, सरपंच, सचिव, नवविवाहित महिलाएं, गर्भवती महिलाएं, समूह से जुड़ी हुई महिलाएं आदि शामिल होते हैं।

**1943 बच्चे अब सुपोषित :** अब, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, पर्यवेक्षकों, सीडीपीओ, स्वास्थ्य विभाग और एसएचजी महिलाओं के कठिन प्रयासों के कारण, अभियान के कार्यान्वयन के पहले पाँच महीनों में, 3413 में से 1943 बच्चों को कुपोषण से बाहर निकाला गया है। इनमें शामिल है 243 एसएएम गंभीर तीव्र कुपोषित, 794 एमएएम मध्यम तीव्र कुपोषण, 124 गंभीर रूप से कम वजन वाले बच्चे और 762 मध्यम कम वजन वाले बच्चे जिन्हें पोषण परामर्श और निगरानी के माध्यम से कुपोषण से बाहर लाया गया है।

### जिलेभर में लागू होगा अभियान

पांच माह में 57 फीसदी बच्चे सुपोषित हुए है। यह अभियान पूरे जिले में लागू करने की योजना है।

- **श्रीमती सुरुचि सिंह**, सीईओ, जिला पंचायत

## खबर संक्षेप

### श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह 30 से

**राजनांदगांव।** शहर के प्रिन्सेस कालोनी, मामता नगर के पीछे 30 दिसंबर से 7 जनवरी तक श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। जिसमें कथा व्यास पं संतोष पाण्डेय चंडीधाम होंगे। प्रिन्सेस कालोनी निवासी द्वारा 30 दिसंबर से 7 जनवरी तक श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। जिसके तहत 30 दिसंबर को जलधारण वेदीपूजन गौकर्ण महात्य, 31 दिसंबर को कथा प्रारंभ, परीक्षित जन्म, 1 जनवरी ध्रुव चरित्र भरत चरित्र, 2 जनवरी प्रहलाद चरित्र, समुद्र मंथन, 3 जनवरी राम जन्म, कृष्ण जन्म, 4 जनवरी जन्म उत्सव, गोवर्धन पूजा रूकमणी विवाह, 5 जनवरी अन्य विवाह, सुदाम चरित्र, 6 जनवरी परीक्षित मोक्ष कथा विराम, चढ़ौत्री, 7 जनवरी को गीता प्रवचन, हवन, पूर्णाहूति, कपिला तर्पण, शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित उक्त धार्मिक आयोजन में श्रद्धालु भक्तों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

### मकरनपुर मंडई कल

**टाटेकसा।** वनांचल के ग्राम मकरनपुर में आगामी 24 दिसंबर को मंडई का आयोजन रखा गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में सिन्दूर के रक्षा गोपाल बलराम निपानी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी गुड्डू वर्मा ने दी।

## लगातार फर्जीवाड़े के सामने आने के बाद भी भर्ती स्थगित नहीं, दिखने लगा आक्रोश

# तीन हजार अभ्यर्थियों की एंट्री मिली गलत

## पुलिस भर्ती में हैदराबाद की कंपनी की लापरवाही उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस भर्ती में मिली गड़बड़ी की जांच में हर रोज नए खुलासे सामने आ रहे है। हैदराबाद की कंपनी द्वारा गलत एंट्री का लगातार आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। दो दिनों की जांच में ही तीन हजार से अधिक अभ्यार्थियों को मिले अंको में गड़बड़ी पकड़ी जा चुकीं है। अभी यह आंकड़ा और बढ़ने की पूरी संभावना है। इतनी बड़ी संख्या में गड़बड़ी सामने आने के बाद भी भर्ती को स्थगित या रद्द नहीं करना समझ से परे है।

जबकि विपक्षी दल के साथ ही भाजपा के नेताओं ने भी पारदर्शिता को लेकर साय सरकार से मांग करने की बात कही है। इधर अंको की एंट्री में गड़बड़ी की जांच करने के लिए बीते दो दिनों से हैदराबाद की कंपनी टाइमिंग टेक्नोलॉजी के कर्मचारी राजनांदगांव पहुंच गए है। सीसीटीवी फुटेज के साथ ही मैनुअल एंट्री के जरिए सॉफ्टवेयर में दर्ज की गई एंट्री की जांच हो रही है। शुरुआती दौर में जिन लोगों की संलिप्तता गड़बड़ी करने में मिली है, उन सभी से पूछताछ भी की जा रही है।



### और भी संदेहियों पर नजर

पुलिस भर्ती मामले में गड़बड़ी करने वाले कुल आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इनमें पुलिस महकमे के - एवं हैदराबाद की कंपनी के - लोग शामिल है। वहीं और भी आधा दर्जन संदेही इस मामले में टारगेट में बने हुए है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संदेहियों से पुछताछ के बाद उनके खिलाफ एक्शन लिया जा सकता है।

### भर्ती प्रभारी का दौरा

राजनांदगांव में भर्ती में गड़बड़ी की खबरें सामने आते ही प्रदेशभर में भूचाल आ गया है। यहीं कारण है कि प्रदेश सरकार ने जिन तीन अफसरों को पुलिस आरक्षक भर्ती का प्रभारी बनाया है, उनमें शामिल आईपीएस बद्रीनारायण मीणा शनिवार को राजनांदगांव पहुंचे थे। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया के साथ ही एंट्री की जांच भी देखी। वहीं जांच कर रहे अफसरों से भी प्रगति के बारे में जाना।

### रद्द नहीं हो रही भर्ती

प्रदेशभर में छह हजार आरक्षक पदों को लेकर भर्ती हैदराबाद की टाइमिंग टेक्नोलॉजी कंपनी को ही अंक एंट्री करने का जिम्मा दिया गया है। राजनांदगांव के साथ ही रायगढ़ एवं बिलासपुर जिले में भी एंट्री गलत दर्ज होना पाया गया है। इसके बाद भी भर्ती प्रक्रिया को स्थगित नहीं करना प्रदेश सरकार पर सवाल खड़े कर रहा है। जबकि राजनांदगांव जिले में तो 10% से अधिक एंट्री गलत पाई जा चुकी है।

## पुलिस भर्ती में फर्जीवाड़े से मची खलबली कंपनी की एंट्रियों की फॉरेस्ट महकमे ने भी शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हैदराबाद की कंपनी द्वारा पुलिस भर्ती में किए गए फर्जीवाड़े के बाद से राज्य के पुलिस महकमे के साथ साथ फॉरेस्ट महकमे में भी खलबली मच गई है। पिछले माह वन विभाग में वनरक्षकों की भर्ती में भी हैदराबाद की कंपनी की सेवाएं लेने की जानकारी सामने आने के बाद महकमे ने अब डाटा की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

उल्लेखनीय है कि पुलिस महकमे द्वारा बिना टेक्निकल आडिट किए ही हैदराबाद की टाइमिंग टेक्नालाजी कंपनी को काम सौंप दिया गया है। इस कंपनी ने लोकल स्तर पर ही 400 रूपए प्रतिदिन के मानदेय में आपरेटरों को नियुक्त कर पूरी भर्ती प्रक्रिया को अंजाम दिया है। डाटा एंट्री करने वाले ऑपरेटर के पास एडिट करने का पावर दिए जाने के चलते कई एंट्री में फर्जीवाड़े को अंजाम दिया गया है। इस मामले में पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज किए जाने के साथ आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है।



### उच्च स्तरीय जांच की मांग

प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बेरोजगारों के साथ छलावा किया जा रहा है। बिना की जांच पड़ताल के ही हैदराबाद की एक कंपनी को पुलिस के साथ साथ वन और होमगार्ड भर्ती का काम दे दिया गया है। कंपनी द्वारा राजनांदगांव में पुलिस भर्ती में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी की गई है। वन विभाग ने भी इस कंपनी के जरिए भर्ती प्रक्रिया पूरी की है। प्रदेश भर में ही वन रक्षक भर्ती की भी उच्च स्तरीय जांच कराया जाना चाहिए। अन्यथा कांग्रेस आंदोलन करेगी।

- **शाहिद भाई**, महामंत्री, प्रदेश कांग्रेस

### डाटा वेरीफाई होगा

वन रक्षको की भर्ती में हैदराबाद की टाइमिंग टेक्नालाजी कंपनी की सेवाएं ली गई थी। पुलिस भर्ती में शिकायतें सामने आने के बाद हमारे द्वारा वन रक्षक भर्ती के डाटे को वेरिफाई कराया जा रहा है।

- **मयूर जैन**, डीएफओ

### शामिल रहे 40 हजार अभ्यर्थी

वन विभाग द्वारा पिछले दिनों बजरंगपुर नवागांव में राजनांदगांव और खैरागढ़ जिले के लिए 107 वन रक्षको की भर्ती प्रक्रिया पूरी की गई है। इस भर्ती में करीब 40 हजार अभ्यर्थी शामिल रहे। प्रतिदिन आठ सौ से ज्यादा अभ्यर्थियों ने इवेंट में भाग लिया था।

### अफसर करेंगे जांच

वन विभाग ने भर्ती में शामिल अफसरों को सोमवार को दफ्तर में तलब किया है। अफसरों द्वारा मैनुअल दस्तावेज के जरिए डाटा का वेरिफिकेशन किया जाएगा। यह पता लगाया जाएगा कि कहीं आपरेटरों ने एंट्री के दौरान कोई गड़बड़ी तो नहीं की है।

**107 पदों पर हुई थी भर्ती:** सूत्रों ने बताया कि राज्य के फॉरेस्ट महकमे ने हैदराबाद की कंपनी को वन रक्षको की भर्ती का काम भी सौंपा था। राजनांदगांव जिले में पुलिस भर्ती में सामने आए फर्जीवाड़े के बाद अब राज्य के फॉरेस्ट महकमे में भी खलबली मच गई है। बताया जाता है कि राजनांदगांव में 107 पदों पर हुई वन रक्षको की भर्ती के डाटा की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। महकमे से जुड़े अफसरों का कहना है कि एहतियात के तौर पर पूरी पड़ताल की जा रही है कि कहीं इस कंपनी ने किसी डाटे में फर्जीवाड़ा तो नहीं कर दिया गया है।

## सोलह मंडल के अध्यक्षों की सूची आज होगी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला भाजपा के 16 मंडलो के अध्यक्षो की ताजपोशी सोमवार को होगी। प्रदेश भाजपा के अनुमोदन के बाद रविवार की रात यहां बंद लिफाफे पहुंच गए है। कल सुबह इसे खोलकर नेताओं की घोषणा की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि भाजपा ने दो दिन पहले ही कोर ग्रुप की बैठक आहूत कर कुछ मंडलो में सर्वसम्मति से नाम तय कर लिए थे। राजनांदगांव शहर के उत्तर मंडल में सुमीत भाटिया और दक्षिण में गोलु गुप्ता का नाम लगभग फाईनल माना जा रहा है। वहीं डोंगरगढ़ शहर में जसमीत सिंह बन्नोआना और ग्रामीण में अनिल सिन्हा का नाम टाप पर है। इधर डोंगरगांव में दीना पटेल के नाम पर सर्व सम्मति बनने की खबर है। राजनांदगांव ग्रामीण में मनोज और सोमनी मंडल में खिलेश्वर साहू का नाम टाप पर है। सूत्रो ने बताया कि भाजपा द्वारा कल सुबह सभी मंडलो में नए अध्यक्षो की घोषणा की जाएगी। सूत्रो ने बताया कि 16 मंडलो में किसी भी मंडल में महिला को अध्यक्ष नही बनाया जा रहा है। ऐसी चर्चा है कि इस मामले को लेकर भाजपा में अभी से चर्चाएं भी शुरू हो गयी है।

## आरक्षक के मौत की जांच के लिए आईजी ने की एसआईटी का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आरक्षक अनिल कुमार रत्नाकर की मृत्यु के संबंध में निष्पक्ष जांच करने हेतु पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक कुमार झा ने विशेष जांच टीम एसआईटी का गठन किया है। टीम को बारीकी से जांच कर 10 दिनों के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस चौकी जालबांधा, जिला गण्डई में पदस्थ आरक्षक अनिल कुमार रत्नाकर का शवक 21दिसंबर को थाना लालबाग क्षेत्र के ग्राम रामपुर में पाये जाने पर थाना लालबाग, जिला राजनांदगांव में मर्ग, धारा 194 बीएनएसएस पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया है।

प्रकरण की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक कुमार झा द्वारा उक्त मर्ग की समुचित जांच हेतु देवचरण पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला मोहला-मानपुर-अं चौकी के नेतृत्व में अखिलेश कौशिक पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला जिला कबीरधाम, निरीक्षक अश्विनी राठौर, थाना प्रभारी अम्बागढ़ चौकी जिला मोहला-मानपुर-अंचौकी, सउनि. द्वारिका प्रसाद लाऊत्रे सायबर सेल जिला राजनांदगांव कुल चार अधिकारियों की विशेष जांच टीम गठित किया गया है।

**10 दिनों के भीतर देंगे जांच प्रतिवेदन**

साथ ही निर्देशित किया गया है कि उक्त टीम मामले के सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच कर साक्ष्य संग्रह कर विधिवत कार्यवाही करते हुए 10 दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

## शहर के पेन्ड्री क्षेत्र में धर्म परिवर्तन के संदेह में हुआ हंगामा, की गई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आज सुबह शहर के पेंड्री अटल आवास क्षेत्र में धर्म परिवर्तन के मामले को लेकर हंगामा हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची लालबाग पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाइश देकर मामला शांत कराया और धर्म परिवर्तन के आरोप में घिरे लोगों को थाने लाकर पूछताछ की गई।



रविवार को शहर के पेन्ड्री क्षेत्र में एक मकान पर 30-35 लोगों के द्वारा एकत्रित होकर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था। इस प्रार्थना सभा में धर्म परिवर्तन कराये जाने की सूचना मिलने पर बजरंग दल और हिन्दू संगठन के लोग मौके पर पहुंचे तो यहां हंगामा शुरू हो गया था। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया। हंगामे के बीच मौके पर पहुंचे लालबाग थाना प्रभारी नवरत्न कश्यप ने कहा कि धर्म परिवर्तन के मामले में बजरंग दल द्वारा आवेदन दिया गया है। दोनों पक्षों को समझाया गया है। पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### थाने में शिकायत

बजरंग दल के जिला संयोजक सुनील सेन का कहना है कि लगभग 2 माह से यहां प्रार्थना सभा के नाम लोगों को लालच देकर धर्म परिवर्तन कराये जाने की शिकायत मिल रही थी। पहले भी ये लोग रिद्धी-सिद्धी कालोनी में धर्म परिवर्तन कराते पकडे गए थे। यहां भी इन मंडले दम्पत्ति के द्वारा ये ही कार्य कराया जा रहा था। उन्होंने कहा कि धर्म परिवर्तन का व्यापार किया जा रहा है। इस मामले की शिकायत पुलिस से की गई है।

**0 राजनांदगांव।** मौसम में परिवर्तन के चलते दिन भर आसमान में बदली छाई रही। जिसके चलते ठंड में कमी महसूस की जा रही है। मौसम साफ होते ही ठंड में वृद्धि होगी।

## माय एंगल




## करमतरा के ग्रामीणों ने एफआईआर दर्ज करने की उठाई मांग

# विधायक पुत्र और कांग्रेस नेता ने की ग्राम पटेल से मारपीट, एसपी से ग्रामीणों ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

माता देवाला यात्रा के दौरान करमतरा में पिछले दिनों उपजे विवाद के मामले में ग्रामीणों ने एसपी मोहित गर्ग को एक ज्ञापन सौंपकर कांग्रेस विधायक दलेश्वर साहू के पुत्र रजत साहू और कांग्रेस नेता सद्दाम खत्री के खिलाफ शिकायत की है। ग्रामीणों का कहना है कि कार्यक्रम के दौरान विधायक पुत्र और विधायक प्रतिनिधि द्वारा ग्रामीणों के साथ गाली गलौज और मारपीट की जा रही थी। ग्रामीणों ने दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।



उल्लेखनीय है कि डोंगरगांव के विधायक दलेश्वर साहू द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र में माता देवाला यात्रा का आयोजित किया जा रहा है। यह यात्रा पिछले दिनों जब करमतरा गांव पहुंची तो वहां कांग्रेस नेताओं के बीच मंच में जमकर झुमाझटकी और विवाद की स्थिति निर्मित हो गयी थी। मामले में पुलिस ने करमतरा के ग्रामीणों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया था। इधर ग्रामीणों ने अब इस मामले में कांग्रेस विधायक दलेश्वर साहू के पुत्र रजत साहू और विधायक प्रतिनिधि सद्दाम खत्री के खिलाफ शिकायत की है। ग्रामीणों ने अपनी शिकायत में उल्लेख किया है कि 15 दिसंबर को गांव में माता देवाला यात्रा के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में विधायक पुत्र रजत साहू और सद्दाम खत्री द्वारा ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट की जा रही थी। इसकी शिकायत गांव के प्रमुख रामकुमार साहू ने विधायक श्री साहू से भी की लेकिन उन्होंने कोई कार्यवाही नही की। इसके बाद रजत साहू और सद्दाम खत्री ने ग्राम पटेल रामकुमार साहू के साथ जमकर मारपीट की जिससे उनके पैर में फैक्चर भी आ गया है।

### आंदोलन का दिया अल्टीमेटम

ग्रामीणो द्वारा एसपी को सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि पुलिस ने यदि इस मामले में शीघ्र एफआईआर दर्ज नहीं किया तो वे आंदोलन करेगें। ग्रामीणों का कहना है कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान विधायक पुत्र और प्रतिनिधि के इशारे पर कुछ पुलिस जवानो ने भी ग्रामीणों के साथ मारपीट की है।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. कल्याण श्याम वझलवार
हमारी बाल चिकित्सा देखभाल और सेवाएं
- टीकाकरण
- नेबुलाइजेशन
- ओ.पी.डी. (बाह्य रोगी विभाग)
- आई.पी.डी. (इलपेशंट विभाग)
- CPAP सतत सकारात्मक वायुमार्ग दबाव चिकित्सा
- वेंटिलेटर
- एन.आई.सी.यू. नवजात गहन चिकित्सा इकाई
- पी.आई.सी.यू. बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई
- बिलीकेयर टेस्ट गैर इनवेसिव बिलीरूबिन मापक
- ओटोअकॉस्टिक एमिशन टेस्ट (OAE)
- नवजात बच्चों की सुनने की क्षमता के लिए जाँचें
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### गौशाला में गौमाता की पूजा

**छुरिया।** भंडारपुर हालेकोसा की नंदनी गौशाला में 20 दिसंबर को गौ पूजा का आयोजन किया। इस मौके पर गौ माता को हार पहनाकर एवं तिलक लगाकर पुजा अर्चना किया गया। उन्हे खुरा चपका से बचाने के लिए टीकाकरण और बधियाकरण किया गया। इस अवसर पर पशु चिकित्सा विभाग की डां. उपासना चंद्राकर, डॉ जेआर रावते, डॉ नेहा कावरे, डॉ लकी पांडे, अंजली इंदुकर, आशीष रंगारे , गौशाला के चिंताराम साहू, हन्नूलाल विश्वकर्मा, हीरालाल गंधर्व, हुमन चंद्रवंशी, लेखराम चंद्रवंशी, रामलाल, उभेराम, महाराजी उईके, देवनाथ, जीवनलाल, सूरज चंद्रवंशी, जागेश्वर, करण कुंभकार, चंद्रशेखर, कुंती कंवर, कन्या कुंभकार, ललिता पटेल, आरती पटेल, गंगाबाई, हेमलता, रामबाई, मानबाई आदि उपस्थित थे।



### सिविल जज को समाज ने दी विदाई

**डोंगरगढ़।** स्थानीय तहसील साहू संघ के पदाधिकारियों ने नगर में पदस्थ सिविल जज भूपतसिंह साहू को स्थानांतरित होने पर विदाई दिया। कार्यक्रम आयोजित कर तहसील साहू संघ के अध्यक्ष हंसराज साहू, सचिव कुलदीप साहू, संरक्षक हेमंत साहू, धर्मदास साहू, मंथीरदास साहू, फिरोज सार्वा ने भूपत साहू का सम्मान किया। श्री साहू 16 अप्रैल को सिविल जज के पद पर पदस्थ हुए और प्रमोशन के पश्चात हुए प्रथम श्रेणी सिविल जज के पद पर राजनांदगांव स्थानांतरित हुए हैं। उनके स्थानांतरित होने पर समाज ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।



### आयुर्वेद से लोगों का उपचार

**कलकसा।** ग्राम पंचायत करवारी में विगत दिनों आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला आयुष अधिकारी डॉ शिल्पा मिश्रा के मार्गदर्शन एवं शिविर प्रभारी डॉक्टर आलोक कलचुरी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। शिविर में 452 का आयुर्वेद, 95 का होम्योपैथिक पद्धति से उपचार किया गया। 60 लोगों ने दंत जांच, 175 रक्त जांच, 65 ने नेत्र जांच कराया। आयुष्मान कार्ड 30 लोगों का बनाया गया। शिविर का शुभारंभ सरपंच संतराम नेताम, जनपद सदस्य कचरू साहू, उपसरपंच उइके, प्रधानपाठक कन्हैया अग्रवाल ने किया। शिविर में रिटायर्ड शिक्षक योद्धासिंह राठौर, डॉ शोबी खान, डॉ योगेश्वरी ठाकुर, डॉ हर्षा बरैया, डॉ सुरेंद्र रहागडाले, डॉ हेमलता वर्मा, डॉ मेघा मेश्राम, फिरोज खान, अलखराम, शिवराज राजेकर, संजय राजपूत, हर्ष सिन्हा, राकेश कुमार, डॉ रितिका पारख, लकेश वर्मा, नेल्सन एंथोनी, राकेश साहू, श्रीमती भलावी, नरेंद्र साहू, रितिका झा सहित अन्य ने सेवाएं दी।



### शिक्षक दम्पति ने कराया न्योता भोज

**मुढ़ीपार।** प्राथमिक शाला सनडोंगरी में शिक्षक युगल किशोर, मंजू साहू ने अपने पुत्र हर्षवर्धन साहू के जन्मदिन के मौके पर प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना अंतर्गत न्योता भोज का आयोजन किया। इस मौके पर बच्चों को गाजर का हलुवा, पुड़ी, सब्जी खिलाया। प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को पेन,पेंसिल वितरित किया गया। इस मौके पर प्रधान पाठक लादू राम साहू, विमला वर्मा, रविता कंवर, सुषमा यादव, निर्मला यादव, मोहन वर्मा मौजूद थे।





### एक देश- एक चुनाव जनहित में

**सड़क अतरिया।** छुईखदान महिला मोर्चा की ज्योति जंघेल ने एक देश एक चुनाव बिल का स्वागत करते हुए इसे देश के आर्थिक विकास में मील का पत्थर बताया है। उन्होंने बताया कि इस विधेयक के लागू होने से लोकसभा, विधानसभा, निकाय और पंचायतों के चुनाव एक साथ होंगे जो देशहित में होगा।

### कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत खपरीकला में गत दिनों दो दिवसीय महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में शामिल होकर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि हमे इस खेल को खेल भावना और आपसी भाईचारा के साथ खेलना चाहिए। कार्यक्रम में महेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और आयोजक मौजूद थे।



### सरकार ने पूरा किया अपना हर वादा

**डोंगरगढ़।** विष्णु देव सरकार के कार्यकाल का एक साल पूर्ण होने पर सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। चारभाटा सेवा सहकारी समिति में गत दिनों किसान सम्मान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू थे। उन्होंने विष्णु की पाती का वाचन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने गठन होने के साथ किसानों को दो साल का बकाया बोनस दिया। प्रति एकड़ 21 क्विंटल 31 सौ की दर पर धान खरीद कर अपना वादा पूरा किया। जनपद सीईओ आलोक सातपुते किसानों को जल संवर्धन की शपथ दिलाया। कार्यक्रम में हनुमानदास साहू, दोसन साहू, भूपाल मंडावी, दुर्गेश आदि शामिल हुए।




## पहली बार मैराथन का आयोजन

# शहर और गांव के यूथ ने दिखाया दम, दौड़े 8 किमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

मॉर्निंग यूथ क्लब ने शनिवार को रन डोंगरगांव मैराथन का आयोजन किया। मैराथन प्रतियोगिता में 600 से अधिक बालक बालिका प्रतिभागियों ने 8 किमी की दूरी दौड़कर पूरा किया। स्पर्धा के बालक वर्ग में आशुतोष बिंद और महिला वर्ग में रूख्मणी साहू ने जीत हासिल किया।

मैराथन रन का शुभारंभ स्थानीय बीटीआई ग्राउंड में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, गुलशन हिरवानी, संतोष यादव, तहसीलदार पीएल नाग, नायब तहसीलदार झरना राजपूत आदि की मौजूदगी में किया। प्रतिभागियों ने बीटीआई मैदान से दौड़ना शुरू कर बरगांव, किलाडोगरी, शनि मंदिर से पुराने बस स्टैंड तक की 8 किमी की दूरी तय किया।





### अलसुबह उमड़ी भीड़

प्रायः आठ से नौ बजे के आसपास जागने वाले लोग शनिवार को सुबह छह बजे के नित्यक्रिया से निवृत्त होकर बीटीआई मैदान पहुंच गए थे। इस दौरान जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, रामकुमार गुप्ता, संतोष यादव, गुलशन हिरवानी, योगेश पटेल, पिंटू गांधी, रोहित गुप्ता, एसडीएम श्रीकांत कोर्राम, तहसीलदार पीएल नाग, नायब तहसीलदार झरना राजपूत, सीएमओ विनम्र जेमा, श्री चौधरी, राणा अजयसिंह, प्रफुल्ल जैन राजा, सतीश जैन, संदीप जैन, लोकेश यद्ु, विजय जैन, दुष्यंत वैष्णव, गोविंदा राजपूत, नवनीत अहीर, सौरभ ठाकुर, रुद्र कोरे, हिमांशु अहीर, राहुल साहू, गोलू मेजर, दशरथ देवांगन, संदीप वैष्णव, राजकुमार दुबे, सुनील साहू, राजीव सोनी, विकास दुबे, गिरीश पंसारी, राहुल यादव, सुनील टावरी, जशवंत कोड़ापे, अभिषेक जैन, सुमित अग्रवाल, लोकेंद्रसिंह आदि मौजूद थे। अंत में आयोजन समिति के अध्यक्ष राजा जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### आशुतोष ने 400 को पीछे छोड़ा

मैराथन रन के पुरुष वर्ग में आशुतोष बिंद ने लगभग 400 से अधिक प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। विजेता आशुतोष बिंद को स्व शंकरलाल गुप्ता की स्मृति में मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने 11001, विनर शील्ड तथा द्वितीय स्थान हासिल करने वाले अनिल कुमार को योगेश पटेल ने स्व लैलाबाई पटेल की स्मृति में 5001 एवं विनर शील्ड, मेडल एवं आकर्षक उपहार प्रदान किया।



### गांव की बेटियों ने मचाया धमाल

मैराथन रन में शहर और आसपास के गांव की बेटियों ने भी अपना दमखम दिखाया। महिला वर्ग में लगभग 200 से अधिक प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम रूखमणि साहू तथा द्वितीय स्थान कीर्तिका यादव ने हासिल किया। दोनों विजेता को समाजसेवी तरुण गांधी की ओर से क्रमशः 31 सौ एवं 21 सौ रूपए दिया गया। पुरुष वर्ग के मनोज, सूरज, शिवशंकर, भूषण, मनीष वर्मा, मनीष निर्मलकर एवं महिला वर्ग की मोनिका, करिश्मा, हिमाक्षी का स्थान उत्कृष्ट रहा। जिन्हे भी प्रमाण देकर सम्मानित किया गया। मैराथन रन के समापन पर पुराने बस स्टैंड में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# शिविर में 32 छात्रों ने किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में गुरूवार को रेड रिबन क्लब, एनसीसी, एनएसएस इकाई के तत्वावधान और प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के मार्गदर्शन में रक्तदान शिविर का आयोजन अटल बिहारी बाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के ब्लड बैंक टीम के सहयोग से किया गया।

मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन थे। इस दौरान रविंद्र अग्रवाल, उपकार साहू, कमलेश निषाद, मनीष सोनी, सविता दरगड़, लक्ष्मी यादव, कन्या शाला समिति अध्यक्ष वत्सला श्रीवास्तव उपस्थित थी।

अतिथियों ने जरूरतमंदो को समय पर रक्त की आवश्यकता की पूर्ति एवं रक्तदान के प्रति फैली भ्रांति को दूर करने के लिए रक्तदान शिविर आयोजित करने पर महाविद्यालय परिवार एवं रक्तदाताओ को बधाई दी। रक्तदान शिविर में प्राध्यापकों, कर्मचारियों, एनसीसी, एनएसएस के स्वयंसेवकों, छात्र-छात्राओं सहित युवाओं ने 32 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में प्रियंका, गौतम चोपड़ा, नितिन, बबलू शांडिल्य, हेमूराम पदमे, भूपेंद्र दास, मोसेस अमोली, मुकेश साहू, गोकुल प्रसाद, पूर्वेंद्र साहू, प्रजेश सहारे, पवन कुमार, रोशन साहू, वेदप्रकाश साहू, आनंद अग्रवाल, प्रभात बैस, खेमराज वर्मा, कपिल सिन्हा, युवराज यादव, रूपेश मांडवी, गौतम साहू, देवांश यादव, गोपाल कृष्ण यादव, प्रज्जवल गेडाम, लोकेश्वर, धर्म सिन्हा, कृष्णा सिन्हा, प्रियंका, लोकेश सिंह, अरविंद कुमार, बिलास, तरुण यादव, धर्मेंद्र कुमार, संजू मंडावी शामिल थे।

### जयंती कार्यक्रम में शामिल हुई विधायक

**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल गत दिनों खैरझिंटी, करेला, जुरलाखुर्द, तेंदूभाठा, कातलवाहि, कटली, बेलगांव में गुरू घासीदास जयंती के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सतनामी समाज के लोग बाबा के आदर्शों पर चलते है। उन्होंने समाज की विकास को लेकर जागरूक होने तथा धूम्रपान, बुरे आचरण से दूर रहकर सादगी पूर्ण जीवन जीने की बात कहा। उपरवाह करेला में विकास कार्य की भूमि पूजन किया।

# महोत्सव में छात्रों का सराहनीय प्रदर्शन

**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने गत दिनों राजिम में आयोजित प्रांत स्तरीय संस्कृति महोत्सव में हिस्सा लिया। इस दौरान आयोजित एकल अभिनय में प्रथम स्थान निष्ठा बर्सेने, चित्रकला में द्वितीय शिवम सिन्हा, एकल गीत में द्वितीय दिव्यकिरण सिन्हा, वंदे मातरम गायन में द्वितीय विद्या वर्मा, अंजू सिन्हा और भूमिका नेवारे रही। इसी प्रकार गीता पाठ में तृतीय स्थान पर वंशिका समुद्रे रही। सभी सफल विद्यार्थियों को समिति अध्यक्ष सुनील जैन, नीलम चोपड़ा, मीना गिरधर, प्रकाश गिरधर, नारायण अग्रवाल, प्रभाकर राव गिरधर, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सुरेश सोनी, गोपाल खेमुका, प्राचार्य प्रकाश यादव, प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद, सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, वीरसिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, विनोद ताम्रकार, बोधन भारद्वाज, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवीसिंह ठाकुर, उत्तम नागमोते, ओमप्रकाश महोबिया, नरेश सिन्हा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले, डीगेश साहू, गणेश वर्मा, सुषमा शांडिलकर, कीर्ति दफेदार, एस राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी, कौशल्या वर्मा, प्रीतिवाला वैष्णव, अमिता जैन, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, लता सोनकर, योगिता नागमोते, निशा नागमोते, ममता सोनवानी, हिमांशु इंदुलकर, मोनिका वाकले ने बधाई दी है।





### वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**डोंगरगढ़।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे हाईस्कूल डोंगरगढ़ में तीन दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया। तीन वर्गों में आयोजित स्पर्धा के प्राथमिक विभाग में मेढक दौड़, गोली चम्मच, बोरा दौड़, 80 मीटर दौड़, माध्यमिक एवं हाईस्कूल वर्ग में 100, 200 मीटर दौड़, लंबीकूद, गोला फेंक, खो खो, कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता संपन्न कराने में दुर्गेश वस्त्रकार, विदेश्वर भीमटे, राणु सिन्हा, साक्षी वैष्णव, इकरा खान, बाबिनवाला, मिलेंद्र के टेंभुरकर आदि ने सहयोग दिया। अंतिम दिन खो-खो और कबड्डी का फाइनल मैच खेला गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### बाबा के आदर्श से बनेगा प्रबुद्ध समाज

**डोंगरगढ़।** गुरु घासीदास की 268 वी जयंती के अवसर पर बेलगांव, कटली, कातुलवाही में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर उपस्थित सामाजिक जनों को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग की प्रदेश उपाध्यक्ष नलिनी मेश्राम ने कहा है कि बाबा के संदेश को अपनाए तो चारों ओर भाईचारा, सत्य, अहिंसा, शांति, समानता नजर आएगी। उन्होंने कहा कि बाबा के संदेश को आत्मसात करने से आदर्श प्रबुद्ध समाज की स्थापना हो सकती है।



# किरण बनी एबीवीपी की अध्यक्ष

**डोंगरगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद डोंगरगढ़ की नवीन कार्यकारणी की घोषणा हो गई है। परिषद गीत और मां सरस्वती, स्वामी विवेकानंद को पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम आरंभ हुआ। राजनांदगांव विभाग छात्रा प्रमुख पूर्वा समर्थ , निर्वाचन अधिकारी मंजू धनकर, नगर मंत्री शुभम महोबिया कार्यक्रम में शामिल हुए।

स्वागत के बाद उपाध्यक्ष मंजू धनकर ने कार्यकर्ताओं के समक्ष प्रस्तावना रखा। नगर मंत्री शुभम महोबिया ने प्रतिवेदन का वाचन किया। निर्वाचन अधिकारी मंजू धनकर ने नगर अध्यक्ष के पद पर किरण नरेड़ी, मंत्री के लिए लवकुश साहू के नाम की घोषणा की। नवनिर्वाचित नगर मंत्री लवकुश साहू ने कार्यकारिणी घोषणा किया। कार्यकारिणी में नगर सह मंत्री दिव्या ठाकुर, प्रियंका यादव, लोकेश राजपूत, कैम्पस अध्यक्ष पंकज सोनी, कालेज प्रमुख अनुज कुंभलवार, कालेज सह प्रमुख डिकेश्वरी साहू, गौरव कोसा, कार्यालय मंत्री आंचल ठाकरे, कुणाल साहू, डिम्पल यादव, एसएफएस प्रमुख खिलेश देवांगन,सहप्रमुख ओंकार यादव, एसएफडी प्रमुख आंशु घिंडौड़े, सह प्रमुख सोमेश्वर नगपुरे, खेलो भारत प्रमुख गुलशन चंद्रवंशी, सह प्रमुख उमेश समुन्द्रे, विद्यालय प्रमुख दीपेश साहू, सह प्रमुख रितिका साहू, ऋषभ वाल्डे, कला मंच प्रमुख शीतल सिन्हा, सह प्रमुख निकिता यादव, सोशल मीडिया प्रमुख ओम चंद्राकर, सह प्रमुख शुभम जंघेल, छात्रावास प्रमुख अंजलि रामटेके, एनएसएस प्रमुख दीपिका यादव, सह प्रमुख कपिल सिन्हा है।





### राइस मिल से 15 कट्टा धान की चोरी

**डोंगरगढ़।** अछोली स्थित साईं राइस मिल परिसर के सामने खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेसी 6285 से शनिवार रात्रि को 15 कट्टा पतला धान चोरों ने गायब कर दिया है। यह धान उपार्जन केंद्र अछोली से उठाया गया था जिसे मिलिंग से पहले ही गायब कर दिया गया। जानकारी अनुसार साईं राइस मिल के सामने बाजार स्थल में आए दिन असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। पुलिस पेट्रोलिंग नहीं होने के कारण आए दिन चोरी की घटनाएं हो रही है।

### स्वास्थ्य मेला से 402 लोग लाभान्वित

**गंडई पंडरिया।** नगर के वार्ड 4 में विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ शिल्पा मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित मेला में 402 मरीजों की निःशुल्क जांच और इलाज किया गया। शिविर का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष चेतन देवांगन, युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, लियाक़त अली खान, सूरज नामदेव, नारायण शर्मा ने भगवान धन्वंतरी की पूजा अर्चना कर किया। जनप्रतिनिधियों ने आयुर्वेद की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह चिकित्सा पद्धति न केवल रोगों का इलाज करती है बल्कि स्वस्थ रहने की शिक्षा भी देती है। आयुष विभाग के प्रयासों से आयुर्वेद के प्रति लोगों का रुझान बढ़ रहा है। मेले में आए 29 आगंतुकों का निःशुल्क प्रकृति परीक्षण किया गया। शिविर में डॉ नरोत्तम नेताम, डॉ बीएस मार्को, डॉ रणजीत सिंह देशमुख, डॉ श्रुति जैन, डॉ शिल्पी सिंह, डॉ शेषनारायण ध्रुव, डॉ अनिमेष सिंह, डॉ रूपसिंह मरावी, हरीश जायसवाल, राजेंद्र साहू, लीला राम साहू, दिनेश कोसरे, राजेश जांगड़े, संगीता बघेल, शत्रुहन यादव, शत्रुहन धुर्वे, बेनीमाधव दास, रूपेश चंद्राकर, नरेश नेताम, पुरुषोत्तम यादव, राजेश यादव आदि ने सेवाएं दी।





### सुशासन शिविर आज

**डोंगरगांव।** विकासखंड स्तरीय सुशासन शिविर का आयोजन कल 23 दिसंबर को 10 बजे से स्थानीय प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी सांस्कृतिक भवन में किया गया है। जनपद सीईओ रौशनी भगत ने ब्लाक के ग्रामीणों से शिविर में शामिल होने का आव्हान किया है।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

Health Town
K'sagar's
श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंज़री • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### लांझी, बिडोरा से आ रहा प्याज का थरहा

**गंडई पंडरिया।** गंडई के बाजार में हर दिन बिकने बड़ी मात्रा में प्याज की थरहा आ रहा। धान की फसल लेने के बाद किसान अब गेंहू,चना के अलावा प्याज के खेती करने की तैयारी में हैं। गंडई के बाजार में एक पखवाड़े से हर दिन प्याज की थरहा बिकने आ रहा है। जानकारी अनुसार महाराष्ट्र लांझी से उन्नत किस्म का थरहा लाकर बेचा जा रहा है। यह थरहा 80 से 120 रुपए प्रति किलो की दर से बिक रहा है। इसी प्रकार बिडोरा एवं अन्य जगहों से थरहा लाकर बेचा जा रहा है जिसकी कीमत 120 से 160 रुपए प्रति किलो है। क्षेत्र के किसान बड़ी मात्रा में थरहा क्रय कर रहे हैं।

### जयंती कार्यक्रम आज

**घुमका।** ग्राम भदेरा नवागांव में कल सोमवार को गुरु घासीदास की जयंती मनाया जाएगा। विनोद बारले ने बताया इस अवसर पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा के बाद जैत खाम चौक पर विधि विधान से पूजा आरती कर ध्वजारोहण किया जाएगा। इसी दिन में मेला का आयोजन किया गया है। उधोदास सायतोंडे एवं धरमदास बारले ने बताया रात्रि में बखत रंगकठेरा वालों का सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग झाझर का मंचन होगा। कार्यक्रम में जनपद सदस्य किरण बारले, सरपंच लोकेश्वरी साहू शामिल होगी।

### अयोध्या दर्शन यात्रा मार्च में डोंगरगढ़ से होगी रवाना

**डोंगरगढ़।** श्री अग्रसेन अयोध्या तीर्थ यात्रा का नगर से आगामी 22मार्च को रवाना होगी। यात्रा का समापन 27 मार्च को होगा। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने बताया कि डोंगरगढ से श्री अग्रसेन अयोध्या स्पेशल ट्रेन 22 मार्च को प्रातः 10 बजे डोंगरगढ से रवाना होकर राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर होते हुए प्रयागराज जाएगी। आगामी 23 मार्च को प्रातः प्रयागराज में संगम में स्नान कर विभिन्न धार्मिक स्थलों का भ्रमण करते हुए विंध्याचल पहुंचेगी। यहां शक्तिपीठों के दर्शन कर 24 मार्च को वाराणसी पहुंचकर गंगा में स्नानकर काशी विश्वनाथ, कालभैरव सहित अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों का लोग दर्शन करेंगे। आगामी 26मार्च को अयोध्या की सरयू नदी में स्नान के बाद यात्रा में शामिल लोग श्री राम, हनुमान गड़ी, दशरथ महल आदि का भ्रमण करेंगे। 26मार्च की रात्रि को ट्रेन रवाना होकर 27 मार्च को डोंगरगढ पहुंचेगी। श्री अग्रवाल सभा ने अग्र बंधुओ से परिजनों के साथ यात्रा में शामिल होने का अनुरोध किया है। थ्री टायर का किराया प्रति व्यक्ति 10500, एसी थ्री टायर 17850, एसी 2 टायर का 23100 रूपए शुल्क निर्धारित है।

### थैलीटोला मंडई जनवरी में

**बांधाबाजार।** ग्राम थैलीटोला में आगामी 31 जनवरी को मंडई मेला रखा गया है। रात में राधाकृष्णन नाच पार्टी दुर्रेबंजारी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी लखनलाल सिन्हा ने दी।

### युवा उत्सव में शामिल हुए 200 प्रतिभागी



**डोंगरगढ़।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजनांदगांव ने जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन शनिवार को पीएम श्री नवोदय विद्यालय में किया। युवा उत्सव का उद्घाटन पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने किया। इस दौरान सुरेंद्र सिंह बन्नोआना, सुनील जैन, प्रकाश चौरडिया, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, प्राचार्य रूपेंद्र सिंह, ए एक्का, नितिन शर्मा मौजूद थे। पूजा अर्चना और स्वागत के बाद श्री खांडेकर ने अपने कॉलेज जमाने के दिनों को याद करते हुए बताया कि हार और जीत सिक्के के दो पहलू है परंतु मन में जीत की जिज्ञासा होनी चाहिए। कॉलेज जमाने से ही उनके मन में विधायक बनने की जिज्ञासा थी और वह बनने में सफल हुए। प्रतियोगिता में डोंगरगढ़, राजनांदगांव, छुरिया एवं डोंगरगांव ब्लाक के 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर अनिल पाल, उमा धुर्वे, विनोद हथेल, शैलेंद्र तिवारी, खुमान साव, रोशन वर्मा, राणा अजयसिंह, बाबूराव जनबंधु, देवेंद्र अंबादे आदि उपस्थित थे।

### शहर और ग्रामीण मंडल अध्यक्ष का चयन उलझा

**डोंगरगढ़।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 2 नए मंडल गठन के बाद अध्यक्ष के नाम की घोषणा अब तक नहीं हुई है। छह में से 4 मंडलों के अध्यक्ष के नाम लगभग तय होने की जानकारी है। डोंगरगढ़ शहर और ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष पर अब तक गुटबाजी के चलते सहमति नहीं बनी है। जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ शहर मंडल के अध्यक्ष पद के लिए 6 ने आवेदन पेश किया था। कोर कमेटी ने 3 नाम का पेनल बनाकर भेज दिया है किन्तु इसमें से किसी एक का चयन किया जाना टेढी खीर साबित होगा। इस संकट का समाधान करने के बजाए स्थानीय संगठन के लोगों ने इसे उलझा दिया है। जवाबदार लोग नए भाजपा अध्यक्ष की घोषणा शीघ्र होने का दावा कर रहे हैं। चर्चा है कि अध्यक्ष के पद पर सौमित्र सोनी, जस्मित सिंग बन्नौआना, सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंग मोंटी से से किसी एक की नियुक्ति हो सकती है। स्थानीय संगठन जस्मित सिंग बन्नौआना एवं जिला संगठन का समर्थन सौमित्र के पक्ष में नजर आ रहा है। वहीं सांसद प्रतिनिधि मोन्टी की दावेदारी को भी प्रबल बताया जा रहा है। संभावना है कि जिले के प्रभारी संजय श्रीवास्तव, सांसद संतोष पांडे, महामंत्री रामजी भारती, भरत वर्मा एवं अन्य पदाधिकारियों की बैठक में किसी एक के नाम पर मुहर लग सकती है।

### किसानों से चर्चा कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली

# कलेक्टर ने किया धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण, दिए निर्देश

## डीओ जारी कर शीघ्र धान उठाव के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में समर्थन मूल्य में जारी धान खरीदी केंद्रों का कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने औचक अवलोकन किया। गोपालपुर, सिलपट्टी, उदयपुर और रगरा केंद्र में उन्होंने धान बेचने आए किसानों से चर्चा करते हुए खरीदी केंद्रो में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

सोसायटी में बारदाने की उपलब्धता, धान की गुणवत्ता, टोकन काटने की प्रक्रिया और भुगतान की जानकारी ली। साथ ही विभागीय अधिकारियों को डीओ जारी कर शीघ्र धान उठाव करने का निर्देश दिया। साथ ही धान बेचने आने वाले किसानों को समस्या न हो इसके लिए उचित व्यवस्था करने कहा। इस दौरान नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक आलोक शर्मा, जिला खाद्य अधिकारी भुवनेश्वर चेलक, सहायक खाद्य अधिकारी दीपक कुमार सहित अन्य अधिकारी



### 12 मिलरों को मिलिंग की अनुमति

जिले में 12 मिलरों को मिलिंग की अनुमति जारी कर अनुबंध किया जा रहा है। 15 हजार 187 मिट्रिक टन धान का डीओ जारी कर शीघ्र उठाव के लिए कहा गया है। जिले के 3 संग्रहण केंद्रों मदुराकुही, घोठिया, ठेलकाडीह में धान संग्रहित कराया जा रहा है। इसके अलावा धान खरीदी केंद्रों में त्वरित धान उठाने छुईखदान के उदयपुर में नवीन संग्रहण केंद्र चालू किए जाने जगह चिन्हांकित किया गया है। जहां पर जल्द ही व्यवस्था तैयार कर संग्रहण कराया जाएगा। खरीदी वर्ष 24-25 के लिए 71 हजार 558 किसानो का कुल रकबा 84 हजार 536.1460 पंजीकृत है। धान बेचने के बाद रकबा का समर्पण कराया जा रहा है। जिसके तहत 902 किसानों ने 67.805 हेक्टेयर रकबा का समर्पण कराया जा चुका हैं। धान खरीदने के लिए नए पुराने बारदानों की व्यवस्था जिला विपणन अधिकारी द्वारा कराया जा रहा है। इसके अलावा नियमित रूप से सात सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा से भुगतान व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त इन ब्रांचो में एटीएम सुविधा भी दी जा रही है। 39 समितियों में माइक्रो एटीएम की सुविधा उपलब्ध है जिसमें प्रति एटीएम 20 हजार तक निकासी की जा सकती है।

### 51 धान खरीदी केन्द्रों में हो रही खरीदी

गौरतलब है कि जिले में 39 सहकारी समितियों के माध्यम से 51 धान खरीदी केंद्रों में समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से धान खरीदी किया जा रहा है। जिला खाद्य अधिकारी भुवनेश्वर चेलक ने बताया गया कि जिले में 4 लाख 26 हजार 351 मिट्रिक टन धान समर्थन मूल्य में खरीदी लक्ष्य के विरूद्ध गुरुवार तक 2 लाख 1 हजार 953 मिट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है। खरीदी केंद्रों से संग्रहण केंद्रों व कस्टम मिलिंग के लिए मिलर्स द्वारा कुल 35 हजार 856 मिट्रिक टन धान परिवहन कर लिया गया है वर्तमान में 1 लाख 66 हजार 88 मिट्रिक टन धान परिवहन के लिए शेष है। जिन खरीदी केंद्रों भंडारपुर, ईटार, मुढ़ीपार, सिलपट्टी, मड़ौदा, पांडादाह में धान खरीदने के बाद रखने के लिए लिए पर्याप्त स्थान नहीं है वहॉ ओवर राईट डीओ जारी किया जा रहा है।

## गणितज्ञ रामानुज को किया याद



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में श्रीनिवास रामानुजन की जयंती को गणित दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर गणित मेला, बाल मेला का आयोजन किया गया। नेहरू कालेज की प्राचार्य डां. ईव्ही रेवती, आशा चौधरी, गुलशन सिन्हा, कन्या शाला के प्राचार्य राजेश कनौजिया, सुनील जैन, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, वैशाली देशकर, प्राचार्य प्रकाश यादव, जागेश्वर निषाद आदि ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम आरंभ किया। विद्यालय के बच्चों ने गीत, कहानी, कविता, भाषण आदि प्रस्तुत किया गया। रोहन हठीले, साईकुमार साहू, निशांत जैन, दीक्षा मेश्राम, वंशिका समुदरें, पीयूषी साहू आदि ने गणित दिवस और श्रीनिवास रामानुजन की खोज, सूत्र एवं जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। प्राथमिक और उत्तर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने मॉडल, चित्र, सूत्र, गणितीय उपकरण आदि बना कर प्रस्तुत किया। आचार्य डिगेश साहू ने गीत के माध्यम से गणित के संबंध में मार्गदर्शन दिया। श्रीमती रेवती ने जीवन में लक्ष्य बनाकर एवं लक्ष्य को ध्यान में रखना कार्य करने की सलाह दी। अध्यक्ष सुनील जैन ने गणित में बुद्धिमान बनने की बात कही। प्राचार्य प्रकाश यादव ने प्राचीन गणितज्ञों के कार्यों को याद किया। अंत में आभार आचार्य थैलेश साहू ने व्यक्त किया। संचालन ऋषभ वाल्दे ने किया।

## सिविल हॉस्पिटल में फायर सेफ्टी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सिविल हॉस्पिटल स्टाफ को आपातकालीन स्थितियों में अग्नि से सुरक्षा और उससे निपटने के तरीकों की जानकारी प्रदान करने की मंशा से फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने मॉक ड्रिल मे फायर सेफ्टी सिलेंडर के सही उपयोग का प्रदर्शन किया।

आग लगने की स्थिति में विभिन्न प्रकार के अग्निशामक यंत्रों के उपयोग करने के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। सीएचएमओ डॉ आशीष शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग के निर्देश पर कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन में मॉक ड्रिल व हैंड्स ऑन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण से आपातकालीन स्थितियों में स्टाफ को त्वरित और प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने में मदद मिलेगी। अग्नि शमन विभाग से कमांडेंट अरुण सिंह की टीम ने डॉक्टरों, नर्सों, स्वास्थ्य कर्मचारियों और सुरक्षा गार्ड्स को सुरक्षा उपायों का अभ्यास कराया। जिसके बाद आग से बचाव के लिए अस्पताल प्रबंधन ने सुरक्षा उपकरणों की स्थापना और नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने का भी संकल्प लिया। इस दौरान बीएमओ डॉ विवेक बिसेन, छुईखदान बीएमओ डॉ मनीष बघेल के नेतृत्व में समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर और उपस्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सक, ग्रामीण चिकित्सा सहायक, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, वार्ड बॉय, सफाई कर्मचारियों ने प्रशिक्षण लिया।

## किसान सम्मेलन का आयोजन

**खैरागढ़।** सुशासन सप्ताह अंतर्गत राज्य सरकार के एक साल पूरा होने पर जिले के दोनों विकासखंडो के बढ़ईटोला व पैलीमेटा में किसान मेला का आयोजन किया गया। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किसान सम्मेलन में कृषि विभाग ने प्रदेश सरकार की किसान हितैषी नीति, योजनाओं और उपलब्धियों को जनसामान्य से साझा किया। उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी ने बताया कि सम्मेलन में कृषक उन्नति सहित अन्य योजनाओं से लाभांवित सहित प्रगतिशील किसानों को शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। कृषि व उससे संबंधित विभागों के अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं से जुड़कर खेती किसानी में उन्नत तकनीकों को अपनाने किसानों को प्रोत्साहित कर लाभांवित होने जागरूक किया। विभागीय अधिकारियों ने सीएम विष्णु देव साय द्वारा किसानों के नाम संबोधित संदेश विष्णु की पाती का वितरण कर बताया कि उनके नेतृत्व वाली राज्य सरकार किसानों से 31 सौ रूपये प्रति क्विंटल के मान से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर कर रही है। कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन द्वारा किसानों को विभिन्न योजनाओं के तहत उपकरण और प्रमाण पत्रो का वितरण किया गया।

## संकुल खेल में आलकन्हार स्कूल चैम्पियन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बांधाबाजार

आलकन्हार संकुल स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन गत दिनों बुदानकट्टा में ग्रामवासियों एवं शाला परिवार के सहयोग से किया गया। खेल में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला आलकन्हार का दबदबा रहा।

अंतिम दिन प्रतियोगिता का समापन जिपं के पूर्व सदस्य तातुराम भुआर्य के आतिथ्य और सरपंच किशोर कुमार कोमा की अध्यक्षता में हुआ। विशिष्ट अतिथि बीएस पाटिल थे। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। प्राथमिक बालक वर्ग की 80 मीटर दौड़ में पावेन्द्र कुमार प्रथम, चोमन द्वितीय, लम्बीकूद में पावेन्द्र प्रथम ,चोमन कुमार द्वितीय, सुरीली कुर्सी में अमित कुमार प्रथम, दीपेश कुमार द्वितीय, आलू दौड़ में नीलचंद प्रथम, अमित कुमार द्वितीय, बोरादौड में नीलचंद प्रथम, इवेन्द्र द्वितीय, कबड्डी बालक में अमित आदि प्रथम ,पावेन्द्र आदि आलकन्हार द्वितीय ,खो खो में इवेन्द्र आदि चापाटोला प्रथम ,चोमन कुमार आदि आलकन्हार द्वितीय रहे। इसी प्रकार बालिका वर्ग की 80 मीटर दौड़ में अंशु प्रथम, भाविका द्वितीय, लंबी कूद में अंशु प्रथम, ईशा द्वितीय, सुरीली कुर्सी कृतिका प्रथम , यामिनी द्वितीय, रस्सीछलांग में यामिनी प्रथम, भाविका द्वितीय, गोली चम्मच में डिम्पल प्रथम, साक्षी द्वितीय रही। कबड्डी में प्राथमिक शाला कोरवा प्रथम, यामिनी आदि चापाटोला द्वितीय, खो-खो में ईशा आदि चापाटोला प्रथम, कृतिका आदि आलकन्हार द्वितीय रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाविका आदि मरारटोला प्रथम, कृतिका आदि आलकन्हार द्वितीय रही।

### 100 मीटर दौड़ में यशवंत प्रथम

इसी प्रकार माध्यमिक विभाग बालक वर्ग की 100 मीटर दौड में यशवंत कुमार प्रथम, तामेश्वर द्वितीय, 200 मीटर प्रमोद प्रथम, तामेश्वर द्वितीय, 400 मीटर दौड़ में गुलशन प्रथम, राहुल द्वितीय, 600 मीटर में गुलशन प्रथम, भावेश कुमार द्वितीय, लंबी कूद में खिलेन्द्र अर्जुन प्रथम, प्रमोद कुमार द्वितीय, गोला फेंक में शुभम प्रथम, हर्ष कुमार द्वितीय, कबड्डी में राहुल आदि चापाटोला प्रथम, अर्जुन आदि आलकन्हार द्वितीय खो-खो में गुलशन आदि आलकन्हार प्रथम , यशवंत कुमार आदि चापाटोला द्वितीय, रस्साकसी शुभम आदि चापाटोला प्रथम, हर्ष कुमार आदि मरारटोला द्वितीय रहे। बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में पूजा प्रथम, गीतांजलि द्वितीय, 200 मीटर दौड़ में डामेश्वरी प्रथम, गीतांजलि द्वितीय, 400 मीटर दौड़ में डामेश्वरी प्रथम, पूजा द्वितीय, 600 मीटर दौड़ में डामेश्वरी प्रथम, प्रतिज्ञा द्वितीय, लम्बीकूद में पूजा प्रथम, कुमकुम द्वितीय, गोलाफेंक में अमिषा प्रथम, योगिता द्वितीय, कबड्डी में कुमकुम आदि मरारटोला प्रथम, तरूणा आदि आलकन्हार द्वितीय, खो-खो में तरूणा आदि आलकन्हार प्रथम, अमिषा आदि चापाटोला द्वितीय, रस्साकसी में पूजा आदि चापाटोला प्रथम, कुसुम आदि मरारटोला द्वितीय रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नेहा आदि मरारटोला प्रथम, डामेश्वरी आदि आलकन्हार द्वितीय रही। प्राथमिक विभाग में ओवरऑल चैंपियन प्राथमिक शाला आलकन्हार, माध्यमिक वर्ग में माध्यमिक शाला आलकन्हार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह जानकारी विनोद सिन्हा ने दिया।

## श्री अग्रसेन अयोध्या यात्रा के ब्रोशर का विमोचन



**डोंगरगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आदि ने श्री अग्रसेन अयोध्या तीर्थ यात्रा के ब्रोशर का विमोचन किया। संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष सुनील रामदास अग्रवाल, सचिव विनोद अग्रवाल ने बताया कि यह यात्रा 22 मार्च से शुरू होकर 27 मार्च तक चलेगी। विमोचन के दौरान विधायक संपत अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, राजूसिंह, रामप्रताप, विनोद अग्रवाल, नेहा, नटवर रटेरिया सहित अन्य मौजूद थे।

इस मौके पर वाराणसी के स्ववेंद महामंदिर धाम के प्रमुख स्वामी विज्ञानदेव महाराज भी मौजूद थे। डॉ अशोक अग्रवाल ने बताया कि वाराणसी में लगभग 16 सौ करोड की लागत से स्ववेंद महामंदिर धाम की स्थापना किया गया है। यहीं ब्रोशर का विमोचन किया गया। वहीं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर में तीर्थ यात्रा के ब्रोशर का विमोचन किया। यात्रा प्रभारी राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि श्री अग्रसेन अयोध्या तीर्थ यात्रा के दौरान प्रयागराज, विंध्याचल, वाराणसी एवं अयोध्या में स्टॉपेज रहेगा। यह यात्रा आगामी 22 मार्च को मां बमलेश्वरी धाम डोंगरगढ़ से प्रारंभ होकर राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, उसलापुर, प्रयागराज, विंध्याचल, वाराणसी से अयोध्या पहुंचेगी।

### नाट्य विद्यालय भोपाल के विद्यार्थियों ने विवि में दी प्रस्तुति

# कलाकारों ने रानी दाई नाटक का किया मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नाट्य विद्यालय भोपाल मप्र के छात्र कलाकारों ने इंदिरा कला संगीत विवि रानी दाई नाटक की शानदार प्रस्तुति दी। प्रसिद्ध लेखक नंदकिशोर तिवारी द्वारा रचित रानी दाई नाटक छग के डभरा तहसील के एक गांव की कहानी है जिसमे एक स्त्री का पुरूष के प्रति प्रेम, करूणा, दया, ममता और विश्वास को रेखांकित किया गया है इसकी प्रस्तुति संगीत विवि नाट्य विभाग के सहयोग से लगातार दो दिनो तक हुई। पहले दिन नाट्य विद्यालय भोपाल मप्र के छात्र कलाकारो ने छत्तीसगढ़ी भाषा में नाटक की प्रस्तुति दी गई जिसे देखने डीजे चंद्रकुमार कश्यप, कुलसचिव प्रेम



कुमार पटेल, साहित्यकार डॉ.जीवन यदु सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन अधिष्ठाता लोक संगीत व कला संकाय व विभागाध्यक्ष थियेटर डॉ.योगेन्द्र चौबे ने किया। दूसरे दिन इसी नाटक को अलग माध्यम से पेश किया गया जिसमें नारी जीवन की व्यथाओं को लोगों के समक्ष रखा गया। इस दौरान साहित्यकार डॉ पीसी लाल यादव, दृश्यकला संकाय अधिष्ठाता प्रो डॉ राजन यादव, सहायक कुलसचिव राजेश गुप्ता सहित बडी संख्या मे दर्शक मौजूद थे जिन्होंने नाटक की भरपूर सराहना की। नाटक के संगीत, परिकल्पना व निर्देशन डॉ.योगेन्द्र चौबे ने किया । सहायक निर्देशक शैलेन्द्र कुशवाहा रहे।

### छत्तीसगढ़ी में दी प्रस्तुति

रानी दाई नाटक मंचन मे खास बात यह रही कि नाट्य विद्यालय भोपाल के अलग-अलग इलाकों के छात्र कलाकारों द्वारा द्वारा छत्तीसगढ़ी भाषा में नाटक की प्रस्तुति दी गई। नाट्य विद्यालय के निदेशक टीकम जोशी के निर्देशन में इन छात्रों ने एक महीने तक संगीत विवि रहकर छत्तीसगढ़ी भाषा, संस्कृति सहित यहां के लोकनृत्यों, लोकगीतों का अध्ययन किया और इसे अपनाया। एक महीने की अल्पावधि में छत्तीसगढ़ी भाषा का अध्ययन कर प्रस्तुत नाटक को खूब सराहा गया। नाटक में उज्जवल सिंह, शुभम शर्मा, ज्योत्सना कटारिया, रौनक लोढ़ा, रितिका गुप्ता, शिवांजलि गजभिये, अजय सिंह, रोहित सिंह जाटव, कुणाल चावड़ा, सोनू कुमार, राहुल पटेल, चैतन्य सोनी, सचीन्द्र शुक्ला, अरूण कुमार, खुशी प्रजापति, मोनिका विश्वकर्मा, श्रुति रैकवार, पंकज कुमार, विनायक कुमार, अभिषेक सिसौदिया, कैलाश राजुके ने अलग-अलग किरदारों में अभिनय प्रस्तुत किया। हारमोनियम पर डॉ परमानंद पांडेय, तबला-मांदर में ज्ञानेश्वर टांडिया, बांसुरी-शहनाई-बांस में भुवनेश्वर यादव, बेंजो में राहुल यादव, मंच व प्रकाश परिकल्पना प्रवीण नामदेव, सहायक सागर गुप्ता सहित अन्य रहे।

# बाबा ने दिया भाईचारे का संदेश, सत्य की राह पर चलना ही सच्ची पूजा है : देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- दिलीपपुर में घासीदास जयंती धूमधाम से मनी
- पंथी संगीत के बीच चढ़ाया पाला

ब्लाक के दिलीपपुर मे सतनामी समाज द्वारा गुरु घासीदास जयंती विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन के मुख्य आथित्य में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम अध्यक्षता जिपं सभापति विप्लव ने की वही विशिष्ट अतिथि सरपंच सीता वर्मा, अरुण भारद्वाज, बहादुर कुर्रे, जेठू मारकंडे, कोमल वर्मा रहे। बाबा घासीदास के तैलचित्र व जैतखाम की पूजा अर्चना बाद पंथी संगीत के बीच मुख्य अतिथि ने पाला चढ़ाया।



### संत घासीदास सभी समाज के पूज्यनीय

मंचीय कार्यक्रम में मनराखन देवांगन ने कहा कि गुरु घासीदास बाबा केवल सतनामी समाज ही नहीं बल्कि सभी समाज के पूज्यनीय है। उनके संदेश का अनुकरण करना व सत्य बोलना ही बाबा की सच्ची पूजा है। श्री देवांगन ने समाज के प्रतीक सफेद ध्वज को लेकर कहा कि यह देश व प्रदेश में सत्य व शांति का प्रतीक है। उनके द्वारा स्थापित समुदाय सत्य और समानता सत के अर्थ सत्य पर आधारित है। कार्यक्रम अध्यक्ष जिपं सभापति विप्लव साहू ने कहा कि गुरु घासीदास के मनखे-मनखे एक समान संदेश से सभी को समानता का अधिकार मिला है। सभा को बहादुर कुर्रे सहित अन्य समाज के लोगों ने संबोधित किया। इस दौरान बड़ी संख्या मे समाज के अलावा ग्रामवासी भी मौजूद थे।

## सार समाचार

### सुरगी संकुल के शिक्षकों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**राजनांदगांव।** सुरगी संकुल के शिक्षकों ने शैक्षणिक भ्रमण के तहत 21 दिसंबर को सर्वप्रथम कमरौद स्थित भुंईफोड़ हनुमान जी का दर्शन लाभ लिया और मंदिर का इतिहास जाना।



अगले पड़ाव में झलमला स्थित माँ गंगा मैय्या का दर्शन एवं मंदिर के इतिहास को जाना। इसके पश्चात बालोद जिले के ग्राम - नारागांव वन परिक्षेत्र में स्थित माँ सियादेही का दर्शन के साथ प्रकृति के मनोहारी दृश्य और झरने को करीब से देखा। यात्रा के अंतिम पड़ाव पर तांदुला जलाशय पहुंचकर तांदुला जलाशय के बारे में जाना और नौका विहार का आनंद लिए। इस शैक्षणिक भ्रमण में शिक्षकगण राकेश सोनी, विनोद चंद्राकर, आरआर साहू, सीएस साहू, दुष्यंत बघेल, माधुरी साहू, कामनी सुधाकर, दिनेश्वर साहू, कमलेश देवांगन, ऐश्वर्य साहू, रमेश साहू, एआर साहू, सुग्रीव मंडावी, कुंवरसिंह साहू आदि शामिल हुए।

### युगांतर में हर्षोल्लास से मना इंटरनेशनल मेडिटेशन डे

**राजनांदगाव।** शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में इंटरनेशनल मेडिटेशन डे हर्षोल्लास से मना।



फिजिकल एजुकेशन शिक्षिका वंदना सिंह ने शानदार ढंग से विभिन्न योगासन की गतिविधि द्वारा इस दिन को यादगार बना दिया। विद्यालय की फिजिकल एजुकेशन शिक्षिका वंदना सिंह को योग प्रशिक्षक और मेडिटेशन विशेषज्ञ के रूप महारत हासिल होने से विद्यालय के बच्चे और शिक्षक-शिक्षिकाएं आल्हादित रहे। वे इन गतिविधियों में बड़ी संख्या में भाग लेकर योगा के साथ जुम्बा का भी लुत्फ उठाया। उन्होंने मेडिटेशन के लिए उपयुक्त मंत्र और आसन सिखाए और उनका प्रभावकारी रूपों में अभ्यास कराया। यही नहीं उन्होंने मेडिटेशन के जरिये स्वस्थ और सफल रहने की कला सिखाई। विद्यालय के प्राचार्य डॉ मधु पी चौधरी तथा पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह ने इन गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इंटरनेशनल मेडिटेशन डे के आयोजन की सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी सहित युगांतर परिवार ने हर्ष प्रकट किया है

### भर्ती में गड़बड़ी, कांग्रेस ने प्रदेश सरकार को घेरा

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव में आयोजित हुई पुलिस आरक्षक भर्ती के दौरान गड़बड़ियों का मामला सामने आने को लेकर अब कांग्रेस ने इस पर प्रेस कान्फ्रेंस करते प्रदेश की भाजपा सरकार को घेरा है।




कांग्रेस ने आरक्षक भर्ती प्रक्रिया में फिजिकल से बाहर हुए अभ्यर्थियों के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी किए जाने को लेकर कई सवाल उठाए। प्रेस कॉन्फ्रेंस करते शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि आरक्षक भर्ती प्रक्रिया में नियम विरुद्ध कार्य किया गया है। नापजोख में अनियमित बरती गई है। इस भर्ती में कई अभ्यर्थियों को अनुचित तरीके से लाभ दिलाया गया है। वहीं जो पात्र थे, उन्हें गलत तरीके से दरकिनार कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस गड़बड़ी में दोषियों पर कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि सत्ता पुलिस पर दबाव बना रही है। पारदर्शी तरीके से करवाई की जाए। एक अभ्यर्थी के मामले को लेकर उन्होंने कहा कि आरजेएन फिजिकल अकादमी से अभ्यर्थी को नेशनल गेम्स का सर्टिफिकेट दिया गया है, जो अभ्यर्थी कभी नेशनल नहीं खेला है।

### नो पार्किंग में खड़े 65 वाहनों का कटा चालान

**राजनांदगांव।** शहर में यातायात पुलिस ने अभियान चला कर बेतरतीब तरीके से नो पार्किंग में खड़े 65 वाहन चालकों से 19,900 रूपये वसूला जुर्माना।



पुलिस के अनुसार 22दिसंबर को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय खेस एवं यातायात टीम द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई। अभियान के तहत कुल 65 वाहनों पर कार्यवाही कर 19,900 रूपये जुर्माना वसूला गया। जिसमें दुपहिया वाहन में बिना हेलमेट पर 1, तीन सवारी में 26, बिना कागजात के 14,नो पार्किंग में 3 यातायात नियमों का उल्लंघन में 9, वाहनो में रिफलेक्टर नही 3 एवं बिना नंबर में 9 वाहनों में कार्यवाही किया गया है। बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों एवं यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्यवाही लगातार जारी रहेगा।पुलिस की आम जनता से अपील है कि दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनें, तीन सवारी न चलें यातायात नियमों का पालन करें एवं सुरक्षित रहें।

### ठाकुर प्यारे लाल सिंह जयंती मनाई गई

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के इतिहास विभाग में ठाकुर प्यारे लाल सिंह की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में विभागाध्यक्ष डॉ.शैलेन्द्र सिंह ने ठाकुर प्यारेलाल सिंह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनका प्रारंभिक जीवनी राजनांदगांव तथा रायपुर में हुई। नागपुर तथा जबलपुर में उच्च शिक्षा प्राप्त की 1916 में वकालत की परीक्षा उत्तीर्ण की। 1920 में राजनांदगांव में मिल मालिकों के शोषण के विरूद्ध आवाज उठाई थी, जिसमें मजदूरों की जीत हुई थी। आपके प्रयासों से ही स्थानीय आंदोलनों और राष्ट्रीय आंदोलन हेतु जनजागरण की शुरूआत हुई थी। ठाकुर प्यारेलाल सिंह द्वारा छत्तीसगढ़ में शराब दुकानों की पिनटिंग, नमक कानून तोडना दलित उत्पादन जैसे अनेक कार्यों का संचालन किया। प्राचार्य डॉ.केएल दामले ने कहा कि हमें एक महापुरूष की जीवनी एवं संघर्ष के बारे में जानना चाहिए कि, किस तरह उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया और जनजागृति हेतु कार्य किये। स्वतंत्रता के मूल्यों को पहचान कर राष्ट्र को सशक्त बनाने में अपना योगदान देवें। संचालन करते हुए प्रो.हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर ने कहा कि ठाकुर प्यारेलाल सिंह भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा क्रांतिकारी थे। आभार डॉ.अजय शर्मा ने किया।

### एनपीएस में वार्षिकोत्सव आज

**राजनांदगांव।** नगर तथा जिले की ख्यातिलब्ध शैक्षणिक संस्थान नीरज पब्लिक स्कूल, पेण्ड्री में 23 दिसंबर को वार्षिकोत्सव का आयोजित किया गया है। इस महोत्सव के मुख्य अतिथि अतिथि ओपी चौधरी राज्य के वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं सांख्यिकी, मंत्री रायपुर, विशेष अतिथि के रूप जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष, सचिन बघेल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में शाला की भुतपूर्व छात्रा दृष्टि जैन होंगी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक तथा नयनाभिराम प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया जायेगा। शाला प्रबंधन तथा शाला की प्राचार्या सुश्री भारती गौते ने इस अवसर पर पालकों तथा छात्र छात्राओं से उपस्थिति की अपील की है।

# 50 पेंटरों ने श्रमदान कर सरकारी स्कूल की बदली तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला नंदई में इंडिगो पेंट्स द्वारा सेवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे स्कूल भवन की निःशुल्क पोताई की गई। वहीं इस आयोजन में स्कूल के रंग-रोगन के लिए लगभग 50 पेंटरों ने श्रमदान किया। इस दौरान स्कूल की दीवारों पर आकर्षण चित्रकारी भी की गई। वहीं स्कूली बच्चों के बीच प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गए।

सेवा कार्यक्रम के तहत शासकीय स्कूल का रंगरोगन किया गया। शहर के लगभग 9-10 शासकीय स्कूलों के निरीक्षण के बाद संस्था से जुड़े लोगों ने इस स्कूल का चयन किया और लगभग 6 घंटे के भीतर ही दीवारों, खिड़की, दरवाजे सहित पूरे स्कूल की पोताई संपन्न की गई।

#### शासकीय स्कूलों का चयन

कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित इंडिगो पेंट्स के छत्तीसगढ़ ब्रांच मैनेजर प्रवीण शुक्ल ने बताया कि कंपनी के द्वारा चयनित शासकीय स्कूलों की पोताई का अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत दुर्ग और बिलासपुर के बाद अब राजनांदगांव के इस स्कूल का चयन किया गया है। वहीं एरिया सेल्स ऑफिसर अभिनय मिश्रा ने बताया कि इस पेंटिंग कार्य के लिए प्लास्टिक पेंट, ऑयल पेंट और डिस्टेंपर का उपयोग किया गया है।



**लगभग तीन सौ लीटर पेन्ट का उपयोग :** स्कूल के रंग-रोगन के लिए इंडिगो पेंट्स द्वारा लगभग 300 लीटर निःशुल्क पेंट उपलब्ध कराया गया। वहीं शहर के 50 पेंटरो द्वारा श्रमदान के माध्यम से स्कूल की पुताई कार्य संपन्न किया गया।

#### शिक्षकों और बच्चों में उत्साह

स्कूल के रंगरोगन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक और स्कूली बच्चे भी शामिल हुए। इस दौरान अपने स्कूल पेंटिंग कार्य से उनमें खास उत्साह नजर आया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद श्रीमति भानु साहु कंपनी की ओर से प्रवीण शुक्ला, रमेश शर्मा ,शेखर साहु ,अभिनय मिश्रा, हिमांशु साहु , योगेश साहू एवं टीम.कम्पनी के डीलर्स तथा शहर के पेंटर्स, कांट्रैक्टर्स ने श्रमदान करके अपनी सहभागिता प्रदान की।

## खैरागढ़ पुलिस का अभियान, बदमाशों की ली खबर

# पुलिस ने रात में किया कॉम्बिंग गश्त असामाजिक तत्वों में मचा हड़कम्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पुलिस ने रात में क्षेत्र में कॉम्बिंग गश्त किया इस दौरान बदमाशों की खबर ली गई वही गुण्डा निगरानी पंजी में दर्ज बदमाशों का थाने में परेड करा कर अपराध से दूर रहने की हिदायत दी गई। पुलिस के इस गश्त से असमाजिक तत्वों में हडकम्प मचा हुआ है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश कुमार गौतम के मार्गदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी लालचंद मोहले के दिशा निर्देश में थाना प्रभारी खैरागढ़ निरीक्षक अनिल शर्मा के नेतृत्व में थाना खैरागढ़ द्वारा थाना क्षेत्र में लगातार अपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

#### लाज ढाबा की जांच

गस्त के दौरान खैरागढ़ गंजीपारा, राजफैमिली, जमातपारा, बरेठपारा, ठाकुरपारा, गोलबाजार, तुरकारीपारा, सोनारपारा, ईतवारी बाजर, किल्लापारा, फोकटपारा, दाऊचौरा, सिविल लाईन, धरमपुरा, मोगरा, खमहरिया खुर्द, अमलीडीह खुर्द, सोनेसरार, अमलीपारा लालपुर अम्बेडकर वार्ड बस स्टैण्ड एवं पिपरिया में गस्त कर थाना क्षेत्र के बैंक, एटीएम सराफा दुकान एवं गुण्डा,निगरानी मांफी बदमाश असामाजिक तत्वों, फरार वारंटीयो, संदिग्धों, एवम लॉज, ढ़ाबा आउटर बायपास रोड़ में कॉम्बिग गस्त कर चेकिंग की गई ।



#### थाना में कराया परेड

टाऊन खैरागढ एवं आसपास का कॉम्बिंग गश्त कर रात्रि में बेवजह घूमने वालों का खबर ली गयी थाना में दर्ज गुण्डा,निगरानी एवं माफी के नामजत बदमाशों जिनमें मारपीट शराब तस्कर सट्टा लूट पशु तस्कर जुआ चाकूबाजी उपद्रवी इन सभी को आज 22 दिसंबर को सुबह थाने बुलाकर परेड कराया गया एवं अपराध एवं आपराधिक कृत्यों से दूर रहने सख्त हिदायत दिया गया है।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी खैरागढ़ निरीक्षक अनिल शर्मा, के साथ ओपी जालबांधा एवं रक्षित केन्द्र के स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा है। उक्त कार्यवाही लगातार जारी रहेगा।

#### टीम ने किया गश्त

इसी क्रम में आमजन में सुरक्षा की भावना जागृत करने 21दिसंबर को खैरागढ,जालबांधा एवं रक्षित केन्द्र का संयुक्त टीम तैयार कर चोरी एवं अन्य अपराध के रोकथाम बेवजह देर रात्रि में घुमने वाले युवाओं, नशेडियों एवं फरार बदमाशों, वारटीयों, गुंडा,निगरानी बदमाशो को चेक कर प्रभावी कार्यवाही करने के लिये रात 12 बजे से 4 बजे तक नगर खैरागढ़ में कॉम्बिंग गस्त किया गया।

#### दी गई हिदायत

थाना क्षेत्र के 26 गुण्डा, निगरानी बदमाशो के घर में जाकर उनके वर्तमान गतिविधियों के संबंध में जानकारी लेकर अपराधिक कृत्यों से दुर रहने सक्त हिदायत दी गयी। स्थायी वारंटी, एवं अन्य प्रकरणों में वांछित आरोपियों के सकुनत में दबिश देकर विधि सम्मत कार्यवाही की गयी ।

### लाटरी से आवास का आबंटन 24 को

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर आस अंतर्गत मात्र किफायती दरों में आवास के लागत मूल्य पर वर्षों से किरायेदारों के रूप में निवासरत परिवारों का अब सपना साकार हो रहा है, उन्हें स्वयं का अपना पक्का आवास मिल रहा है।

प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत नगर निगम सीमाक्षेत्र में सुंदर सुविधायुक्त 1282 बहु मंजिला आवास लखोली, पेंड्री, मोहारा, रेवाडीह आदि स्थानों में पूर्ण रूप से निर्मित किया है एवं 648 आवास विभिन्न स्तरों पर निर्माणाधीन है। उक्त आवासों को मोर मकान मोर आस योजना के तहत शासन द्वारा निर्धारित किए गए दरों पर नियमानुसार आबंटित किया जा रहा है।

आवास आबंटित करने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया की जा रही है। पूर्व में 147 पात्र हितग्राहियों को आवास का आबंटन किया गया। पात्र आवेदनों में से परियोजना अनुरूप राशि जमा करने पर आवेदकों को लॉटरी में सम्मिलित कर 24 दिसंबर को दोपहर 3 बजे नगर निगम टॉउनहाल सभागृह में लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटित किए जाएंगे।

### आडिटोरियम में शिविर आज

**राजनांदगांव।** भारत सरकार द्वारा 19 से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाए जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। जनसमान्य को शासन की योजनाओं से अधिक से अधिक लाभान्वित करने पंचायत स्तरीय एवं निकाय स्तरीय शिविर लगाया जाना है। शिविर के संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि भारत सरकार के निर्देश एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल के आदेशानुसार सुशासन सप्ताह के अंतर्गत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ निगम सीमाक्षेत्र के लोगों को देने 23 दिसंबर को गौरवपथ स्थित पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम द्वारा शासन की योजनाओं का लाभ देने स्टॉल लगाया जाएगा। जिसमें आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, स्वास्थ्य परीक्षण, निगम संबंधी योजना का लाभ दिया जाएगा। जिसमें राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु, विवाह प्रमाण पत्र तथा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने आवेदन लिया जाएगा।

# पूर्व सीएम ने की भर्ती घोटाले पर सीबीआई जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बघेरा में आयोजित लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम के अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए और यहां विभिन्न विकास कार्य का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया। इस दौरान उन्होंने गुरु घासीदास जयंती पखवाड़ा को लेकर समाज के लोगों को अपनी शुभकामनाएं दी।

ग्राम पंचायत बघेरा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यहां विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण और भूमि पूजन किया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने धान खरीदी, भर्ती घोटाला सहित अन्य मामलों को लेकर प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार को घेरते हुए सरकार पर कई आरोप लगाए।




#### जांच होनी चाहिए

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि प्रदेश में हो रही है सभी भर्ती में गड़बड़ियां है। जितनी भी भर्ती हो रही है सब जांच के दायरे में है। राजनांदगांव आरक्षक भर्ती में जिस प्रकार नंबर देने में गड़बड़ी और नंबर बढ़ाने को लेकर घोटाला हुआ है इसमें कई दोषी है। जहां-जहां भी भर्ती हो रही सभी की जांच होनी चाहिए।

#### भर्ती में गड़बड़ी और आरक्षक की मौत चिंताजनक

राजनांदगांव पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि पंचायत चुनाव को लेकर लोग सशंकित है, समय बीत गया है लेकिन अभी तक चुनाव के तारीखों की घोषणा नहीं हुई है। वहीं उन्होंने भर्ती घोटाले को लेकर कहा कि इस मामले में एक सिपाही ने आत्महत्या की और जो हाथ पर उसने लिखा है बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि मृतक के परिजन और हमने भी इस मामले में सीबीआई जांच करने की मांग की है।

#### धान खरीदी के मामले में सरकार को घेरा

मंच से संबोधित करते हुए भूपेश बघेल ने धान खरीदी के मामले को लेकर भी प्रदेश की सरकार को घेरा है। उन्होंने बारदाना सहित खरीदी में अव्यवस्था को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। ग्राम बघेरा में आयोजित लोकार्पण और भूमि पूजन कार्यक्रम के अवसर पर स्थानीय विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# बाल भारती में वार्षिक उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाल भारती पब्लिक स्कूल द्वारा बीत 18 दिसम्बर को वार्षिक उत्सव 'मृदंग' का आयोजन किया गया। शाला के संस्थापक स्व. विजय पाण्डे एवं स्व. श्रीमती वसुंधरा पाण्डे के द्वारा इस आयोजन की शुरूआत की गई थी जिसे एक महत्वपुर्ण त्यौहार की तरह मनाया गया।

आयोजन मे मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभांरम किया गया , इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शाला के सचिव तथागत विजय पाण्डे, नरेन्द्र शर्मा और अशोक चौखन्द्रे उपस्थित थे। अतिथियों के उदबोधन पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शाला बोर्ड के समस्त डायरेक्टर नरसिम्हा रेड्डी, श्रीमती रितिका पाण्डे तिवारी, गौतम तिवारी , श्रीमती श्रेयल पाण्डे व शाला की प्राचार्या श्रीमती श्रद्धा पाण्डे रेड्डी मौजूद थी। इस अवसर पर विद्यार्थियों के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई । जिसमें मुख्य प्रस्तुति महाभारत के माध्यम से नारी



सशक्तीकरण एवं देवी की स्तुति ( गोंदय ) नृत्य के द्वारा दिखाया गया। इन सब के साथ वार्षिकोत्सव के अवसर पर विशेष रूचि तथा कलात्मक प्रतिभा रखने वाले विद्यार्थियों को अपनी कलाएँ और रूचियों प्रदर्षित करने का अवसर मिला । वहीं अभिभावक भी विद्यालय आकर बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति का हर्षोल्लास के साथ आनंद लिया । इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती श्रद्धा पाण्डे रेड्डी के द्वारा विद्यालय की प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया।

# सोमनी में संत घासीदास जयंती मनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बुधवार को सोमनी के बाजार चौक में संत शिरोमणि गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से शहर दक्षिण ब्लॉक मोर्चा के महामंत्री व नीरज कन्नौजे ने कहां कि बलौदा बाजार केस में कई लोगों को जमानत नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने राज्य की भाजपा सरकार को आडे हाथ लेते हुए कहा कि यह कई मोर्चा पर विफल साबित हो रही है। उन्होंने विशेष रूप से महंगाई और किसानों को सोसाइटियों में हो रही परेशानी का उदाहरण दिया।

श्री कन्नौजे ने सभा को संबोधित करते हुए आगे कहा कि गुरू घासीदास का जन्म ऐसे समय हुआ जब समाज में छुआछूत, ऊंचनीच, झूठ-कपट का बोलबाला था। बाबा ने ऐसे समय में समाज में समाज को एकता, भाईचारे तथा समरसता का संदेश दिया। घासीदास की सत्य के प्रति अटूट आस्था की वजह से ही इन्होंने बचपन में कई चमत्कार दिखाए। जिसका लोगों पर काफी प्रभाव



पड़ा। उन्होंने उपस्थित कार्यक्रम में सभी लोगों को 18 दिसंबर संत गुरु घासीदास जयंती की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिमन्यु मिश्रा, प्रदीप यादव, अमर साहू, जावेद भाई, सुरेंद्र मांडवी, सहदेव साहू, आयोजन समिति के सोनू देशलहरे अश्वनी बांधव, तामेश्वर बंजारे, निर्मला साहू, टिंकू साहू, मुकुंद साहू, नवीन मांडवी, मोनू कोसरे जगदीश यादव सहित समस्त सामाजिक लोग व समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

स्वामी जी 93406-38884
स्पेशल कोच से
15 फरवरी 2025
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
चलो प्रयागराज पवित्र महाकुंभ 2025
नोट-महाकुंभ 2025 के डिलक्स, प्रीमियम पैकेज के लिए संपर्क करें-7354411411
11 जनवरी से 16 जनवरी 2025,27 जनवरी से 01 फरवरी 2025, 01 फरवरी से 06 फरवरी 2025,10 फरवरी से 15 फरवरी 2025, 24 फरवरी से 01 मार्च 2025
शाही स्नान
13 जनवरी 2025 (पौष पूर्णिमा ), 14 जनवरी 2025 (मकर संक्रांति ), 29 जनवरी 2025 (मौनी अमावस्या), 03 फरवरी 2025 (बसंत पंचमी), 12 फरवरी 2025 (माघ पूर्णिमा), 26 फरवरी 2025 (महाशिवरात्रि)
नोट :-2/2 बस (50 सीटर)/ रेलवे टिकट, नाश्ता, रात्रि भोजन, रात्रि विश्राम (टेंट), गाइड
केवल प्रयागराज महाकुंभ 2025 सहयोग राशि- 6001/-
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### छात्र-छात्राओं ने लिया जंगल सफारी का आनंद

**कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हरमो के विद्यार्थियों ने राजधानी रायपुर में एक प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने रायपुर के प्रमुख स्थलों-साइंस सेंटर, जंगल सफारी और विधानसभा भवन का दौरा किया। भ्रमण की विशेष बात यह रही कि विधानसभा भवन में विद्यार्थियों को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से भेंट करने का अवसर भी मिला। विधानसभा भवन के भ्रमण के दौरान उपमुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से मुलाकात की और उनके अनुभवों को जाना।

### जनवरी में छात्रों से संवाद करेंगे प्रधानमंत्री

**कवर्धा।** शिक्षा व परीक्षा संबंधी संवाद को बढ़ावा देने वाला कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा का 8वां संस्करण इस वर्ष नई दिल्ली के भारत मंडपम में जनवरी में होगा। पीएम नरेंद्र मोदी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच चर्चा करेंगे। छात्रों को परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव से बचने के टिप्स देंगे। इसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों के चयन के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिसके तहत क्लास 6 से 12 तक पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए ऑनलाइन प्रतियोगिता शुरू की गई है। छत्तीसगढ़ राज्य में भी इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने कलेक्टर को निर्देश दिए हैं।


**समस्या:** शासन-प्रशासन व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के चलते दम तोड़ रहा तालाब

# उपेक्षा के शिकार अमृत सरोवर के पानी में घुला गंदगी का जहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

कहने को तो तालाबों, नदी, नालों तथा दूसरे जल स्त्रातों को सहजने के लिए शासन-प्रशासन द्वारा कई योजनाएं संचालित की जा रही है और इन योजनाओं के नाम पर शासकीय राशि पानी की तरह बहाई भी जा रही है। लेकिन वास्तविकता ये है कि कबीरधाम जिले में न तो ये योजनाएं दिखाई दे रही है और न ही इन योजनाओं के नाम पर खर्च की जा रही राशि से कराया गया काम काज ही कहीं नजर नहीं आ रहा है। नतीजतन जिले के ग्रामीण अंचलों में लोगों की निस्तारी का प्रमुख स्त्रोत माने जाने वाले बचेखुचे तालाब दम तोड़ रहे हैं। शासन-प्रशासन की ऐसी उपेक्षा और अनदेखी का दंश विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव का तालाब झेल रहा है। जो रखरखाव व देखरेख के आभाव में अब अंतिम सांसे गिन रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कोलेगांव का जो तालाब अब अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है उसका नाम तो अृतत सरोबर है लेकिन अभी वर्षोकाल के बाद प्रारंभ हुई शीत ऋतु में ही यह तालाब सूखने की कगार में पहुंच गया है। ग्रामीणों की माने तो बीते कुछ सालों में स्थानीय ग्रामीणों की मांग पर इस बहुउपयोगी तालाब के रखरखाव, इसे सहेजने और इसकी साफ सफाई के नाम पर लाखों रूपए की राशि खर्च की गई है। लेकिन तालाब की स्थिति जस के तस बनी हुई है। तालाब की मौजूदा स्थिति को देखकर पहला सवाल यही जहन में उठता है कि आखिर इस तालाब के नाम पर जो राशि खर्च की गई वह किस काम के लिए लगाई गई है। क्योंकि यहां ऐसा कोई भी काम नजर नहीं आता जिसे देखकर कहा जा सके की हां राशि खर्च की गई है। यहां तक की तालाब को भरने के लिए बोर तक नहीं खनन किया गया है।

### गंदगी व कूड़ा करकट से अटा पड़ा तालाब



स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि चमुचित साफ सफाई के आभाव में कोलेगांव का अमृत सरोवर तालाब कूड़ा करकट और गंदगी से अटा पड़ा है। तालाब का थोड़ा बहुत बचा पानी सड़ चुका है और बदबू मारने लगा है। जिसका उपयोग न तो ग्रामीण कर पा रहे हैं और न ही मवेशी ही इस पानी में मुंह मारते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस तालाब को भरने के लिए यहां एक बोर खनन का कार्य प्रस्तावित था लेकिन आज पर्यंत इस कार्य को भी पूरा नहीं किया गया है। जिसके कारण यह तालाब अब अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है।

### तो आधे गांव की हो सकती है निस्तारी

ग्रामीणों ने बताया कि शासन-प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि थोड़ी सजगता दिखादें तो कोलेगांव गांव का यह तालाब आधे गांव की निस्तारी कर सकता है। उन्होने कहा कि तालाब का गहरीकरण कर इसमें पानी भरने की जरूरत है। इसके अलावा अगर तालाब में पचरी निर्माण और थोड़ा बहुत सौंदर्यीकरण कर दिया जाए तो यह तालाब लोगों के लिए वास्तव में अमृत सरोबर बन सकता है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि इस और न तो पूर्व की कांग्रेस शासन काल के विधायक ने कोई ध्यान दिया और न ही वर्तमान में इस और कोई ध्यान दिया जा रहा है।

# पति पर पत्नी की गला दबाकर हत्या करने का आरोप

- बेटी को न्याय दिलाने और आरोपी पर कार्यवाही की मांग को लेकर दर-दर भटक रहा पीड़ित पिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कवर्धा नगर निवासी एक पीड़ित पिता ने अपनी बेटी के ससुराल पक्ष पर उसकी हत्या किए जाने तथा सहसपुर लोहारा पुलिस पर आरोपियों को बचाने का गंभीर आरोप लगाया है। इस मामले की लिखित शिकायत पीड़ित पिता तुलसीराम जायसवाल पिता खोरबहरा जायसवाल निवासी कवर्धा ने पुलिस अधीक्षक के साथ ही प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा से लिखित में करते हुए कार्यवाही आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। इस संबंध में तुलसीराम जायसवाल ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए आवेदन में बताया कि उसकी बेटी मंजू जायसवाल का विवाह ग्राम खड़ौदा थाना सहसपुर लोहारा निवासी नरेन्द्र जायसवाल पिता सेजल जायसवाल के साथ हुआ था। मृतका के पिता का आरोप है कि ससुराल पक्ष और उसके पति द्वारा उसकी पुत्री को विवाह के बाद से ही लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। जिसकी जानकारी उसकी पुत्री द्वारा समय-समय पर अपने मायके में दी जाती रही है। इसी बीच गत 16 अक्टूबर को उसके पति नरेन्द्र जायसवाल ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। जिसकी रिपोर्ट मृतका के पिता द्वारा थाना स. लोहारा में कराई गई है। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका का शव बरामद कर उसका पोस्ट मार्टम जिला चिकित्सालय में कराया गया था। लेकिन मृतका के पिता का आरोप है कि घटना के करीब ढाई माह बाद भी न तो पुलिस ने मृतका के माता पिता को पीएम रिपोर्ट की प्रति दी है और न ही आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही ही की गई है। आज भी आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। उन्होने बताया कि इस संबंध में जब स. लोहारा पुलिस से पूछा जाता है तो कहा जाता है कि मृतका की बिसरा रिपोर्ट नहीं आई है। जिससे साफ जाहिर है होता है कि स. लोहारा पुलिस आरोपियों को संरक्षण दे रही है। स्थिति ये है कि पीड़ित पिता अपनी मृतक बेटी को न्याय दिलाने और उसकी मौत के जिम्मेदारों को सजा दिलाने बीते करीब ढाई माह से स. लोहारा थाना से लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय और विधायक कार्यालय के चक्कर काट रहा है लेकिन, बेटी बचाओ, महिला सशक्तिकरण, महतारी वंदन जैसी योजनाओं का राग अलापने वालों का न तो मृतका के पिता लाचारी नजर आ रही है और न ही उसका दर्द महसूस हो रहा है। पीड़ित पिता ने अब पुलिस अधीक्षक तथा प्रदेश के गृहमंत्री से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# संत बाबा गुरु घासीदास ने समूचे जगत के कल्याण का रास्ता दिखाया: विजय शर्मा

## सड़क निर्माण व महतारी सदन के लिए 40 लाख की घोषणा



- उप मुख्यमंत्री ने ग्राम घोटिया, नेवारी व महाराजपुर में संत गुरु घासीदास मंदिर में पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रविवार को कवर्धा विकासखंड के ग्राम घोटिया, नेवारी और ग्राम महाराजपुर में संत गुरू घासीदास मंदिर और जैतखाम में फूल माला अर्पण कर पूजा अर्चना की।


उन्होंने संत गुरू बाबा घासीदास का आशीर्वाद लेकर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने समाज के प्रतिनिधियों से सौजन्य भेंट मुलाकात की और सभी का हाल-चाल जाना। इस दौरान उन्होंने ग्राम नेवारी में सड़क निर्माण के लिए 10 लाख रुपए और स्व सहायता समूह की दीदियों के महतारी सदन के लिए 30 लाख रुपए की घोषणा की। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, विदेशी राम धुर्वे, कैलाश चंद्रवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि संत गुरू घासीदास बाबा ने मानव समाज को मानवता का संदेश देने के साथ ही एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है।

संत बाबा गुरु घासीदास ने समूचे जगत के कल्याण का रास्ता दिखाया है। उनका सन्देश मनखे-मनखे एक समान आपसी भाई चारा और सबको एक सूत्र में बांधकर रखने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि बाबा जी की अमृत वाणी को हम सभी अपने जीवन मे उतार कर जीवन को चरितार्थ कर सकते है। उन्होंने घासीदास के संदेश के बारे में बताते हुए कहा कि गुरु जी ने अपने जीवन में मानवता, एकता और समृद्धि का मार्ग दिखाया है, जो आज भी हमारे जीवन में प्रासंगिक है। उनका संदेश सभी को एक सूत्र में बांधने और आपसी भेदभाव को समाप्त करने की प्रेरणा देता है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि गांव के विकास कार्य लगातार किया जा रहा है। इसके लिए गांव में विभिन्न निर्माण कार्य किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य ग्रामीणों की भागीदारी से पूरे किए जाएं, ताकि स्थानीय जरूरतों और प्राथमिकताओं का ख्याल रखा जा सके। उन्होंने बताया कि नए सरकार बनने के बाद ग्राम नेवारी में 65 आवास स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही 95 और आवास स्वीकृत किए जाएंगे, जिससे गांव के लोगों को पक्के मकान का सपना पूरा हो सकेगा।

उन्होंने बताया कि गांव में 2 लाख रुपया रंगमंच निर्माण के लिए, 51 लाख 24 हजार रूपए मिनी स्टेडियम के निर्माण के, सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख, मध्याह्न भोजन के लिए 5 लाख, सी सी रोड के लिए 20 लाख रुपया, और आंगनबाड़ी भवन के लिए 8 लाख रुपया विकास के लिए स्वीकृत किया गया है।

# विधायक भावना बोहरा ने किया वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने रविवार को ग्राम गौरमाटी में आयोजित मुख्यमंत्री ग्राम सड़क भूमिपूजन कार्यक्रम के मंच से वार्षिक कैलेंडर 2025 का विमोचन किया। कार्यक्रम में विधायक भावना बोहरा का ग्राम टाटीकसा की उपसरपंच संगीता साहू और मातृशक्तियों द्वारा पुष्प गुच्छ और पुष्प हार भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। उपसरपंच संगीता साहू द्वारा तैयार किए गए वार्षिक कैलेंडर का विमोचन करते हुए विधायक भावना बोहरा ने कहा, कुछ ही समय बाद हम नए वर्ष 2025 में प्रवेश करेंगे। यह कैलेंडर जनमानस को वर्षभर आने वाले उत्सवों, पर्वों और तीज- त्योहारों की जानकारी देगा। उन्होंने कैलेंडर की सराहना करते हुए सभी को नए वर्ष की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। कैलेंडर विमोचन के बाद उपसरपंच संगीता साहू ने विधायक भावना बोहरा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, यह कैलेंडर जल्द ही ग्राम टाटीकसा और मोहनपुर के प्रत्येक घर तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इस अवसर पर विधायक ने सभी से संवाद कर उनकी समस्याएं और कुशलक्षेम जानीं। कार्यक्रम का समापन उत्साह पूर्ण माहौल में हुआ। विमोचन कार्यक्रम में टाटीकसा से संतोषी साहू पंच, कोशील्या साहू, परमिला साहू, अंजलि साहू, शीला साहू, उषा साहू, धनकुँवर साहू, सुमित्रा साहू, सावित्री साहू, गौरी साहू, फुलमत साहू, नीरा साहू, शेरसिह धुर्वे पंच, मोहित रजक, संतोष साहू, नारद साहू, अजय साहू, मोहनपुर से संतोषी निषाद, सुखमत पटेल, चंद्रिका यादव, खेदिया निषाद, अक्रीलुन बी, पुसिया कौशिक, राज कुमारी कौशिक, जानकी मारकाम, चित्रलेखा मारकाम, मोहनी पटेल, अमरीका कौशिक, सुखबती पटेल, सुशीला निषाद, कौशिल्या मारकाम, गौतर पटेल, श्याम लाल पटेल, सुकालू पटेल, रुखाऊ निषाद, अवध यादव, खलील ख़ान, रमेश पटेल सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

# राज्य सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों की जानकारी पहुंचाई जा रही ग्रामीण क्षेत्रों में

- सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल को सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। इस अभियान के तहत उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा किए गए विकास कार्यो को ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर एलईडी वाहन के माध्यम से जानकारी पहुंचा रहे हैं। एलईडी स्क्रीन वाहन के माध्यम से यह अभियान जिले के विभिन्न हाट-बाजारों और गांवों में चलाया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य लोगों तक सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी पहुंचाना है, ताकि उन्हें इससे होने वाले लाभ का पूर्ण एहसास हो सके। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा किए गए प्रयासों को एलईडी स्क्रीन पर प्रस्तुत किए गए वीडियो संदेशों में यह बताया जा रहा है कि पिछले एक वर्ष में राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, बुनियादी ढांचे और सामाजिक सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इन प्रयासों से छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जन तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया है। हर दिन एलईडी स्क्रीन वाहन जिले के विभिन्न हाट-बाजारों और प्रमुख स्थानों पर शिविर लगाकर लोगों को जागरूक कर रहा है। इस कार्यक्रम से लोगों में उत्साह और उमंग देखने को मिल रही है, क्योंकि वे अपनी समस्याओं का समाधान सरकार से सीधे देख और समझ पा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के लोग इस अवसर पर बड़ी संख्या में इकट्ठा होते हैं और सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को देखने के साथ-साथ उन योजनाओं के लाभ की जानकारी प्राप्त करते हैं जो उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए बनाई गई हैं। कवर्धा जिले के गांवों और हाट-बाजारों में इस अभियान का काफी सकारात्मक असर देखा जा रहा है। एलईडी स्क्रीन पर चलने वाली इन वीडियो क्लिप्स में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा बताई गई योजनाओं और सरकार के कार्यों के बारे में लोग दिलचस्पी से देख रहे हैं। इस तरह के अभियानों ने लोगों के मन में उम्मीदें और उमंग पैदा की हैं, क्योंकि वे समझ पा रहे हैं कि सरकार उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए प्रतिबद्ध है।

# गांजा बेचते एक आरोपी गिरफ्तार, दो किलो गांजा जप्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

पाण्डातराई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए गांजा बेंच रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्यवाही की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पाण्डातराई पुलिस को इस बात की सूचना मिली थी कि ग्राम खरहट्टा निवासी रूपेश चन्द्रवंशी पिता रामफल चन्द्रवंशी आयु 34 वर्ष गांव में घूम-घूमकर गांजा बेंच रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपी को दबोच लिया और तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 2 किलो ग्राम गांजा जप्त किया है। आरोपी के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। बताया जाता है कि आरोपी इससे पूर्व भी कई अवैध कृत्यों में संलिप्त पाया गया है लेकिन अभी तक इसके विरूद्ध कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पाई है।

स्टाफ और नागरिकों को बचाव और आपदा प्रबंधन के लिए किया गया प्रशिक्षित

# जिला चिकित्सालय में आग से बचाव के लिए अभ्यास का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिला अग्निशमन बचाव दल द्वारा जिला चिकित्सालय कबीरधाम में आग से बचाव और आपदा प्रबंधन पर अभ्यास (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में चिकित्सालय के स्टाफ, छात्रों और नागरिकों को आग से बचने और अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आरएमओ जितेंद्र वर्मा, रक्तकोष प्रभारी डॉ. एसके शर्मा, डॉ. हर्षित टुवानी, डॉ. राघवेंद्र माथुर, डॉ. पूजा राज, रेडक्रॉस समन्वयक बालाराम साहू, केआर चंद्राकर, के. वासनिक, माया दुबे, स्मिता सीपी, जितेंद्र साहू, विवेक खाखा, मनीष कुमार गार्ड सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। मॉक ड्रिल में विभिन्न प्रकार की आग को बुझाने के लिए एबीसी, सीओ2, फोम, जल-सोडा अग्निशामक यंत्रों के उपयोग की जानकारी दी गई।आपातकालीन स्थिति में बचाव प्रबंधन में आग लगने की स्थिति में एसएनसीयू, आईसीयू में नवजात शिशुओं और मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। यहां पर हाइड्रेंट, हाजरील, डिलीवरी नली बॉक्स, शॉर्ट ब्रांच जैसे उपकरणों के उपयोग को प्रदर्शनों के माध्यम से समझाया गया। गैस सिलेंडर में आग से बचाव में जानकारी दी गई। गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में सुरक्षित बचाव के उपाय बताए गए। प्रशिक्षण दल का नेतृत्व प्रभारी केके श्रीवास्तव ने किया। टीम में शशि कपूर झारिया (लांस नायक), सुरेंद्र कुमार धुर्वे, घनश्याम शर्मा, गजेंद्र धुर्वे, नंदकुमार और रामजी ठाकुर शामिल रहे। इन सभी ने अभ्यास (मॉक ड्रिल) के माध्यम से आग बुझाने और आपात स्थिति में आवश्यक कार्रवाई के व्यावहारिक तरीके सिखाए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला चिकित्सालय स्टाफ और नागरिकों को आग से बचाव के आधुनिक उपायों और उपकरणों के सही उपयोग के प्रति जागरूक करने के लिए आयोजित किया गया।

# जिला स्तरीय प्राचार्य बैठक में छिरहा प्राचार्य को अच्छे कार्य बताने का मिला अवसर

- पालक-शिक्षक बैठक के सफल आयोजन की दिया जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिला मुख्यालय के रानी दुर्गावती चौक के पास स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले भर के शसकीय हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्यो की बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में अपने स्कूल के अच्छे कार्यों की जानकारी देने के लिए शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी को अवसर दिया गया। छिरहा प्राचार्य श्री चन्द्रवंशी ने अपने स्कूल में विगत नौ वर्षों अर्थात 2015 से प्रत्येक शिक्षा सत्र में दो बार किए जा रहे पालक-शिक्षक बैठक के सफल आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि हर बैठक में लगभग दो सौ की दर्ज संख्या में सौ से अधिक पालक शामिल होते हैं। इस दौरान विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा कर पालकों से सुझाव भी लिए जाते हैं। पालक बैठक आयोजन के पहले सभी पालकों को स्कूल की ओर से आमंत्रण पत्र दिया जाता है। साथ ही सभी विद्यार्थी अपने पालक को अनुरोध पत्र भी लिखते हैं। प्रत्येक सत्र स्कूल के सभी शिक्षक विद्यार्थियों के घर जाकर पालक संपर्क करते हैं। इसके साथ ही पालकों के सतत रूप बैठक में आने का सबसे महत्वपूर्ण कारण यह है कि हमारे विद्यालय के शिक्षक पालकों को यह भरोसा दिलाने में सफल रहे हैं कि शिक्षकगण उनके पाल्य के हित में समर्पित रूप से कार्य कर रहे हैं। जिला स्तरीय प्राचार्य मीटिंग में अपने स्कूल के अच्छे कार्य को सबके सामने रखने के लिए छिरहा प्राचार्य को दूसरे बार अवसर मिला है। पहले अवसर में उन्होंने बच्चों को बस्ते की बोझ से मुक्त करने की जानकारी दिया था। जिला स्तरीय प्राचार्य मीटिंग में अब तक अपने स्कूल के बेस्ट प्रेक्टिसेस के संबंध में बताने वाले एकमात्र प्राचार्य भी हैं।

## शहीद वीर नारायण सिंह का देश को आजाद कराने में अमूल्य योगदान है: श्री शर्मा

# उपमुख्यमंत्री ने छात्रावास विकास के लिए 5.50 लाख रुपए की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

रविवार को जिला मुख्यालय कवर्धा में शासकीय पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास भोरमदेव रोड में आयोजित शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया। उन्होंने गरीबों और आदिवासी समाज के उत्थान के लिए जीवनभर कार्य किया। देश को आजाद कराने में उनका योगदान अमूल्य है। उनका त्याग और बलिदान सदैव प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह ने जो मार्ग दिखाया है, हमें उसी के अनुरूप कार्य करना है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सर्व आदिवासी और विश्व आदिवासी की बात आने पर हमें एकजुट रहना चाहिए। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पूरे देश में मनाने की बात कही और सभी को साथ रहने और एकता बनाए रखने का आह्वान किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने मेन रोड से छात्रावास तक पहुंच के लिए सीसी रोड निर्माण हेतु 1 लाख रुपए, मंच निर्माण के लिए 2 लाख रुपए व छात्रावास में शौचालय निर्माण व अन्य मरम्मत कार्यों के लिए 2.50 लाख रुपए की घोषणा की। उन्होंने बालक–बालिका छात्रावास में 50-50 सीटें बढ़ाने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने बताया कि जिले में मिनी स्टेडियम बनाया जा रहा है, जिससे युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा।



### डिप्टी सीएम विजय शर्मा शहादत दिवस कार्यक्रम में हुए शामिल

डिप्टी सीएम शासकीय आदिवासी बालक छात्रावास में शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस कार्यक्रम में हुए शामिल उन्होने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ बगावत का नेतृत्व किया और गरीबों व आदिवासी समाज के विकास के लिए आजीवन कार्यरत रहे। उनका योगदान देश की आजादी के लिए बहुत महत्वपूर्ण रहा है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत शहीद वीर नारायण सिंह अंग्रेजों से लोहा लेते हुए 10 दिसम्बर 1857 को वीरगति को प्राप्त हुए थे। उन्हें 1857 के क्रांति में छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होने का गौरव प्राप्त है। सोनाखान शहीद वीर नारायण सिंह की जन्मभूमि एवं कर्मभूमि है। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, विदेशी राम धुर्वे, कैलाश चंद्रवंशी, नपाध्यक्ष मनहरण कौशिक, संतराम धुर्वे, मनीराम साहू, मोती बैगा सहित छात्रावास के विद्यार्थी उपस्थित थें।

# स्वर्णकार समाज ने विभिन्न मांगों को लेकर उपमुख्यमंत्री से की मुलाकात

- श्री शर्मा ने सामाजिक भवन के लिए 10 लाख देने की घोषणा की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



स्वर्णकार समाज द्वारा अपने बहुप्रतिक्षित मांग को लेकर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से भेंट मुलाकात की। जिसमें प्रमुख रूप से स्वर्णकार समाज के अधूरे पड़े भवन को पूरा करवाने अपील की गई। साथ ही साथ भवन से लगी रिक्त भूमि की भी मांग रखी गई। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने स्वर्णकार समाज के लोगों से बातचीत करते हुए उनकी लिखित मांगों को ध्यान से पढ़ समाज को 10 लाख रूपए देने की घोषणा की। जिससे स्वर्णकार समाज का आधा अधूरा भवन जल्द से जल्द पूरा हो सके। श्री शर्मा ने भविष्य में समाज के साथ हर समय खड़े रहने की भी बात कही गई। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से भेंट-मुलाकात के दौरान समाज अध्यक्ष रमेश सोनी, राजेंद्र सोनी, भगवती सोनी, बलदाऊ प्रसाद सोनी, संतोष सोनी, दिलीप सोनी, रवि सोनी, प्रकाश सोनी, आशीष सोनी एवं स्वर्णकार समाज के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे, जिस पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को आर्थिक सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उपरोक्त जानकारी स्वर्णकार समाज के मीडिया प्रभारी निखिलेश सोनी ने दी।

## सीनियर सिटीजन समिति ने मनाई पेंशनर डे



**हरिभूमि कवर्धा।** गत दिनों पेंशनर डे पर जिला मुख्यालय महाराणा प्रताप शौर्य भवन कवर्धा में पेंशनभोगियों ने पेंशनर दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वरिष्ठ नागरिकों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डॉ एके श्रीवास्तव मुख्य आतिथ्य के रूप में उपस्थित थें। कार्यक्रम में विशेष रूप से इंजी. श्यामसुंदर जैन अध्यक्ष, सीनियर सिटीजन समिति मदन तंबोली, सीनियर सिटीजन समिति सक्रिय सदस्य ईश्वरी सिंह ठाकुर, बलदाऊ प्रसाद सोनी तथा पण्डरिया क्षेत्र के अधिसंख्य पेंशनर उपस्थित थें। पेंशनर्स दिवस पर आयोजित समारोह में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश स्वर्गीय न्यायमूर्ति वाई वी चंद्रचूड़ द्वारा पेंशन पर ऐतिहासिक फैसले को एक बार फिर स्मरण में लाते हुए उद्धृत किया गया कि पेंशन न तो कोई उपहार है, न ही नियोक्ता की इच्छा पर निर्भर रहने वाली कृपा है, न ही यह कोई अनुग्रह राशि है। यह पूर्व में की गई सेवाओं के लिए भुगतान है। यह एक सामाजिक कल्याण उपाय है जो उन लोगों को सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करता है, जिन्होंने अपने जीवन के सुनहरे दिनों में नियोक्ता के लिए इस आश्वासन पर लगातार काम किया कि बुढ़ापे में उन्हें बेसहारा नहीं छोड़ा जाएगा। सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को सम्मान और शालीनता की गारंटी देते हुए 1982 में इसी दिन सर्वोच्च न्यायालय द्वारा चार दशक पूर्व यह ऐतिहासिक फैसला सुनाया गया था। डॉ एके श्रीवास्तव ने समस्त वरिष्ठों व सिनियर सिटीजन समिति के सदस्यों को पेंशनर दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सबको कंधे से कंधा मिलाकर एक-दूसरे का सुख-दुख में साऊनिभाने व अपेक्षित योगदान देने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन एसएस जैन ने पेंशन भोगियों की समस्या समाधान के त्वरित निराकरण पर संगठन की भूमिका को रेखांकित किए। उक्त कार्यक्रम में पंडरिया तहसील से जगदीश प्रसाद जायसवाल अध्यक्ष पेंशनर संघ पंडरिया तहसील शाखा, बोड़ला तहसील तरुण शेखर अवस्थी, सहसपुर लोहारा तहसील जीवधर्म प्रसाद भारती एवं कवर्धा तहसील से बहुत संख्या में पेंशनर्स उपस्थित थें। पेंशनर्स संघ के जिलाध्यक्ष के रूप में वरिष्ठ पेंशनर श्याम सुंदर मिश्रा को मनोनीत किया गया एवं डॉ एके श्रीवास्तव को जिला पेंशनर संघ का संरक्षक मनोनीत किया गया।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ मंयारू के डेरा ए का विमोचन



**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के भीष्म पितामह फिल्म निर्माता मोहन सुन्दरानी ने अपने फिल्म इंडस्ट्री में 09 दिसम्बर को कवि रतन मंयारू के लिखे छत्तीसगढ़ी पुस्तक छत्तीसगढ़ मंयारू के डेरा ए का विमोचन किया। उन्होने लेख का अनुशंसा करते हुए कहा कि मंयारू लोक कला साहित्य के लिए भक्त है, उन्होने फिल्म इंडस्ट्री में वर्षो से लोक गीत कविता गाते आ रहें है इसके रचना में माटी की शौंधी-शौंधी महक देश भक्ति ममता छत्तीसगढ़ की संस्कृति शिष्टाचार की भाव झलकता है। इस कला के लिए छत्तीसगढ़ राज में इसका खासा पहचान बना है। छत्तीसगढ़ी भाषा लिखने के लिए मंयारू छत्तीसगढ़ी भाषा का जानकार है। इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट अतिथि फिल्म डायरेक्टर पुनेश साहू, असिस्टेंट फिल्म डायरेक्टर कृष्णा साहू, फिल्म एडिटर किरमानी साहू, फिल्म चिप एडिटर केशव साहू, इन सभी ने साहित्यकार को बधाई व शुभकामनाएं दी। कवि रतन मंयारू के साथ में फिल्म इंडस्ट्री में उनके धर्मपत्नि श्यामकली मानिकपुरी भी उपस्थित थें।

# गुरुकुल पब्लिक स्कूल में जूनियर विंग का ग्यारहवां वार्षिकोत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा






गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा के जूनियर विंग (कक्षा नर्सरी से चौथी तक) के नन्हें-मुन्ने छात्र-छात्राओं का नयनाभिराम, आकर्षक रंगारंग प्रस्तुति के साथ वार्षिकोत्सव झलक सम्पन्न हुआ। वार्षिकोत्सव के शुभ अवसर पर संचालन समिति के अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारी व निदेशकगण प्रभारी प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं अत्यधिक संख्या में पालकगण आसीन थे। इस वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, विशिष्ट अतिथि जसविंदर बग्गा उपाध्यक्ष भाजपा, संतोष पटेल महामंत्री भाजपा मंचासीन थे। समस्त अतिथियों के कर कमलों द्वारा विद्या देवी मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर पूजन वंदन के साथ वार्षिकोत्सव का नयनाभिराम, आकर्षक व मनमोहक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

सर्वप्रथम विद्यालयीन परिवार की ओर से समस्त अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। शाला के प्रभारी प्राचार्य ने शाला का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर शाला की उपलब्धियों से सभी अतिथियों को अवगत कराया। इस सत्र में सम्पन्न हुई विशेष गतिविधियों जैसे उत्सव फन मेला, फैशन शो, छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, गुरुकुल प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता, खो-खो इत्यादि स्पर्धा के बारे में प्रभारी प्राचार्य ने जानकारी प्रदान की। समस्त अतिथियों के कर कमलों द्वारा विविध रूप से उत्कृष्टता हासिल करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। समस्त अतिथियों ने अपने-अपने उद्बोधन में शाला की उपलब्धियों की सराहना करते हुए शाला के उत्तरोत्तर प्रगति की शुभकामनाएं दी। वहीं कक्षा नर्सरी से केजी-1, केजी-2, कक्षा 1ली व 2री के नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा लेकर प्रमु का नाम, गोलमाल सांग, जंगल, जंगल बात चली है, कोली डॉस, देवा श्री गणेशा, जैसे नयनाभिराम मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति को सभी दर्शकों ने काफी सराहना की वहीं कक्षा तीसरी, चौथी के बच्चों ने देवी सॉग, वेलकम टू जंगल, घूमर की आकर्षक नृत्य व संगीत की प्रस्तुति देकर दर्शक दीर्घा की वाहवाही लूटी।

नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों की नृत्य संगीत की अनेकानेक आकर्षक नयनाभिराम प्रस्तुति ने जूनियर विंग वार्षिकोत्सव में चार चांद लगा दिए। वार्षिकोत्सव की सांस्कृतिक गतिविधियों के सफल प्रस्तुति का श्रेय समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शाला परिवार का भागीरथ प्रयास रहा। सभी अतिथियों को शाला का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। रंगारंग नयनाभिराम वार्षिकोत्सव का समापन राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुआ। सभी अतिथियों का आभार व्यक्त शाला के एकेडमिक इंचार्ज ने किया। संस्था के अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारी गण, प्रभारी प्राचार्य, प्रशासक ने समस्त गुरुकुल परिवार को वार्षिकोत्सव पर शुभकामनाएं दी।

### शीतकालीन छुट्टी होते ही स्कूली बच्चों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

शहर व क्षेत्र में शीतकालीन छुट्टी के अवसर पर स्कूली बच्चे एक तरफ युवा बच्चों ने खेलकूद और क्रिकेट प्रतियोगिता खेलने में जुड़ गए हैं, वहीं दूसरी तरफ नौनिहाल बच्चों ने आसमान पर पतंग उड़ा कर मनोरंजन करने लगे हैं यह दृश्य ग्रामीण अंचलों में खेल-कूद और क्रिकेट खेल में रुचि लेकर समय बीता रहे हैं और मनोरंजन में जुटे हुए।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

## पंचायत चुनाव का आरक्षण स्थगित होने के बाद ग्रामीणों में विभिन्न प्रकार की चर्चाएं: दिनेश पाण्डेय



**हरिभूमि कोलेगांव।** पूरे छत्तीसगढ़ में ग्राम पंचायत, जिला पंचायत व जनपद सदस्य एवं पंच चुनाव को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में कई प्रकार की चर्चाएं हो रही थी, वहीं आरक्षण को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्सव देखा जा रहा था। लेकिन चुनाव आरक्षण स्थगित होने के बाद ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिरकार भाजपा शासन काल में चुनाव का इस तरह स्थगित होना क्या हो सकता है? जिस पर दिनेश पाण्डेय ने बताया कि आरक्षण स्थगित होने से विभिन्न चर्चाएं ग्रामीण क्षेत्रों में बना हुआ है कि चुनाव का समय नजदीक व दावेदार प्रत्याशी द्वारा अपनी-अपनी तैयारी में जुटे हुए है साथ ही साथ एक-दूसरे को साधने का काम कर रहा है। उन्होने बताया कि ग्राम पंचायत, जिला पंचायत व जनपद सदस्य एवं पंच का चुनाव आरक्षण फिर स्थगित होने के कारण उम्मीदवार व प्रत्याशियों के उत्सव में पानी फेर दिया गया, अब देखने वाली बात है कि चुनाव का आरक्षण कौन से तारीख आता है व ग्रामीणों क्षेत्रों में चर्चा का विषय बना हुआ है।।

## साधुमार्गी जैन संघ का प्रादेशिक सम्मेलन आगामी 5 जनवरी को

# जैन संघ कवर्धा के तत्वाधान में ग्रैंड समर्पणा दिवस मनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

रविवार को श्री साधुमार्गी जैन संघ कवर्धा के तत्वाधान मे ग्रेंड समर्पणा दिवस जैन स्थानक में अत्यंत आस्था पूर्वक आयोजित किया गया। साप्ताहिक समता शाखा के उपरांत महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती लता बोथरा ने अपने उद्बोधन में आचार्य 1008 पू० रामलाल महाराज साहब की दिक्षा के 50 वर्ष के स्वर्णिम काल की विस्तृत व्याख्या की। संचालन श्रीमती वर्षा श्रीश्रीमाल एवं प्रश्न पत्र श्रीमती हर्षा श्रीश्रीमाल ने हल कराए। लघु नाटिका अर्पण को तथा उसके अदाकारो को दर्शकों ने खूब सराहा। अपने मधुर कंठ से दिनेश श्रीश्रीमाल गुरु भक्ति स्तवन का गायन किया गया। बाल प्रतिभा अर्णव श्रीश्रीमाल ने भी अपनी अभिव्यक्ति दी।

कार्यक्रम में साधुमार्गी जैन संघ के स्तम्भ अतुल देशलहरा का योगदान अतीव उल्लेखनीय रहा। इसी कार्यक्रम में वीर माता पिता श्रीमती लीला देवी-गुलाबचंद श्रीश्रीमाल व वीर पुत्र नवीन, अश्विन, सचिन श्रीश्रीमाल तथा परिजनों को अभिनंदन पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इन दोनों परिवारों ने क्रमशः अपनी बेटी एवं माता को रामेश शासन में समर्पित किया है। पूर्वान्ह 11 बजे अभिरामम के एक्जाम मे भी परीक्षार्थियों ने गुरुदेव के प्रति अपनी श्रद्धा भक्ति व्यक्त की। ज्ञातव्य है की साधुमार्गी जैन संघ का प्रादेशिक सम्मेलन आगामी 5 जनवरी 2025 को कवर्धा में ही संपन्न होने जा रहा है। जिसको लेकर अपूर्व उत्साह देखा जा रहा है। इसके पूर्व राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक 4 जनवरी को कवर्धा में ही इसी स्थल पर होने जा रही है। अधिकांश लोगों ने सामूहिक एकासने के पचक्खान ग्रहण किए। कृतज्ञता गेंदमल मोदी ने व्यक्त की।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130